॥ श्रीधन्वन्तरये नमः ॥

वैद्यसम्मेलन-पत्रिका

निखिल भारतवर्षीय वैद्यसम्मेलनकी

त्रैमासिक मुखपत्रिका

प्रथम वर्ष } श्रावण-आश्विन १९७२ वै० { चतुर्थ संख्या

वार्षिक मूल्य २)

सम्मेलनको मुख

विषय सूची।

सम्पादक

श्रीकिशोरीदत्त शास्त्री, सूर्यप्रसाद वाजपेयी,

जगन्नाथप्रसाद शुक्ल।

वैद्यसम्मेलनपत्रिकाके नियम ।

(१) वैद्यसम्मेलनके उद्देश्योंको सिद्ध करनेके लिये और उसकी स्थायीसमिति-आयुर्वेदमहामण्डल और आयुर्वेदविद्यापीठ-की कार्यवाहियोंका प्रचार करते रहनेके लिये यह पत्रिका अभी तीन तीन महीनेमें प्रकाशित हुआ करेगी। (२) इसका वार्षिक मूल्य सर्व साधारणसे दो रुपये और प्रत्येक फुटकर अङ्कका दाम ।।) है; किन्तु वैद्यसम्मेलनके सब प्रकारके सभासदोंको यह मुफ्त मिलेगी। पिछले फुटकल अङ्क या अङ्कोंका दाम सभासदोंसे आधा लिया जायगा। (३) नमूनेके लिये इसकी एक कापी मुफ्त भेजी जायगी; इसके बाद ग्राहक अथवा सभासद न होनेसे पत्रिका नहीं भेजी जायगी। (४) इस वर्तमान स्वरूपमें इसकी नियमित पृष्ठ संख्या ४० रहेगी किन्तु आवश्यकता होनेसे कभी कभी पृष्ठ संख्या कम और अधिक भी हो सकेगी। (५) पत्रिकाके सम्बन्धके पत्र, सम्पादकके सम्बन्धके लेख, चिट्ठी, बदलेके समाचारपत्र, विज्ञापन, समालोचनाकी पुस्तकें, मनीआडर आदि सब मन्त्री, आयुर्वेदमहामण्डल दारागञ्ज-प्रयागके पतेसे भेजने चाहिये।

विज्ञापन ।

(६) इस पत्रिकामें अश्लील विज्ञापन अथवा जिन्हें आयुर्वेदमहामण्डल या आयुर्वेदविद्यापीठ अस्वीकृत करे वे विज्ञापन नहीं प्रकाशित किये जांयगे। (७) विज्ञापनकी छपाई प्रत्येक बार प्रत्येक पृष्ठकी ५) आधेकी ढाई रुपये और चौथाईकी डेढ़ रुपये होगी। (८) पुस्तकों, सामयिकपत्रों और अप्रस्तुत भेषज वस्तुओं (जङ्गलकी जड़ी-बूटी, औषधोपयोगी खनिज द्रव्यादि) की छपाई प्रतिवार प्रति पृष्ठ ३) आधेकी डेढ़ रुपये और चौथाई पृष्ठकी १) ली जावेगी। (९) जो सज्जन साल भरकी छपाई एकदम भेज देंगे, उनसे फी रुपये डेढ़ आने कम लिये जावेंगे। अग्रिम मूल्य पाये बिना किसीका विज्ञापन छापा नहीं जायगा। (१०) वैद्यों, उपदेशकों और अध्यापकोंकी आवश्यकता, वैद्यक सम्बन्धी सभाओंकी सूचना आदिके विज्ञापन एक बार मुफ्त छाप दिये जायँगे। अधिक बार छपानेके लिये प्रति बार प्रति पृष्ठका २), आधे पृष्ठका १) और चौथाई पृष्ठका ।।।) लिया जायगा। (११) उक्त नियमोंके विरुद्ध आयुर्वेदमहामण्डलकी आज्ञा बिना कोई कार्यवाही नहीं हो सकेगी; इसलिये कोई सज्जन व्यर्थमें पत्र व्यवहार न करें।

पता—मन्त्री आयुर्वेदमहामण्डल, दारागञ्ज-प्रयाग।

॥ श्रीधन्वन्तरयेनमः ॥

वैद्यसम्मेलन पत्रिका

निखिलभारतवर्षीय वैद्यसम्मेलनकी स्थायीसमिति
और आयुर्वेदविद्यापीठकी ओरसे प्रकाशित।

प्रथम वर्ष | श्रावण-आश्विन सं० १९७२ वै० | चतुर्थ संख्या

अथौजो-निर्णयः।

(लेखको लवपुर निवासी श्रीकविराज नरेन्द्रनाथ मित्रः)

आयुर्वेदीयपुस्तकप्रचुरतरस्थानेष्वोजसो वर्णनं सुस्पष्टं प्रतिभाति, वैदिकातीतावसरेऽपि शब्दोऽयमतीव व्यवह्रियते स्म, श्रुतिष्वपि "ओजो मे देहि" "तेजो मे देहि" "बलम्मे देहि" प्राप्यन्ते यदा वाक्यान्येतादृशानि तदा प्रादुर्भवति च जिज्ञासेयं "किमस्त्योज" इति। तथा च बहवो वैद्यवरा ओजस्तेजो वा बलंवेति प्रतिपादयन्ति यद्येवं स्यात्तर्हि एकस्यां श्रुतौ पुनस्त्रिवाक्यानि कथं पृथक्तया व्यवहृतानीतीहैवं नैव संगच्छेरन् पिपठिषवो विद्यार्थिनोऽपि ग्रन्थपाठ पठनावसरे नैतादृशीरुपयोगिनीर्वार्ताः समुपचिन्वन्ति नापि ज्ञातुमभिलषन्ति निमीलितदृष्ट्यैव पठन्ति परञ्च तत्र विचारकणिकामपि मार्गयन्ति। अतएवायुर्वेदीयग्रन्थेषु देशान्तरीयैः किमपि विज्ञानं नोपलभ्यते यदि च वैद्यानां स्वकीयशास्त्रमार्मिकज्ञानं भवेत्तदा त

आक्षेपकर्तृणां मुखमुद्रणाय शक्नुयुः । एतदत्र विचार्य्यमस्माभिर्यत्किमस्त्योजः, ओजः सम्बन्धे सुश्रुतकर्तृभिरपि ध्वनितम्—

"तत्र रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत्परं तेजः तत्खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते ।"

रसतः प्रारभ्य समस्तधातूनां सार एवौजो निश्चीयते, तदेव बलं, सारशब्देनैतद्गृह्यते यद्यथा दुग्धादीनां घृतादिः सारस्तथैव रसादि धातूनामोजः सारो वरीवर्ति तदा किमेकतया सम्पाद्यते ओजो बलयोर्द्वयोरेकतया परिचयः केवलमोजसि बले च कार्यकारणयोरेवान्तरमिति वा बलकारणमोजो यतो यत्रौजस्तत्रैव बलं यत्र शरीरे स्वल्पतरमोजस्तत्र बलस्यापि न्यूनतैव सम्पाद्यते । चिकित्साकार्य्य सौकर्याय कार्य्यकारणयोर्भेदमुरीकृत्यैवैतदभिधीयते यत्तदेव बलमिति । वैदिकश्रुतावपि परीदृग्विरियमेव दृश्यते वैदिकशैलीपरिशीलनशीलैस्त्रीणि वाक्यानि यथार्थतया बुध्यन्ते समवलोक्यताञ्च "ओजो मे देहि" । अयि परमात्मन् ओजः प्रदानेनानुकम्पयेत्यत्राशङ्क्यते यत्किमस्त्योज इति, तदा प्रार्थयिता प्रथमवाक्यं स्पष्टतयाचष्टे "यत्तेजो मे देहि" तेजप्रदानेनानुकम्पय, रसादिधातूनां तेजः, अर्थाद्रसादिधातूनां यत्तेजस्तदेवौजो मह्यमर्पय पुनस्तृतीयवाक्ये अन्यत् स्पष्टयति "बलम्मे देहि" अर्थात् बलकारणमोजःप्रदानेन बलवन्तं मां विधेहि ।

वैदिकवाक्यान्येवेमानि सुश्रुतेन स्वकीयसूत्रमणित्वेन गुम्फितानि, ओजसः स्वरूपगुणाश्च के सन्तीति सम्बन्धे सुश्रुते ध्वन्यते स्म ।

"ओजः सोमात्मकं स्निग्धं शुक्लं शीतं स्थिरं सरम् ।
विविक्तं मृदुमृत्स्नञ्च प्राणायतनमुत्तमम् ॥
देहसावयवस्तेन व्याप्तो भवति देहिनाम् ।
तदभावाच्च शीर्य्यन्ते शरीराणि शरीरिणाम् ॥"

इदानीं सुश्रुतोक्तवर्णनस्य पाश्चात्यग्रन्थकर्तृवर्णनैः सार्द्धं समीक्षन्तां समानताम्ः—

"Albumin—A proteid substance, the chief constituent of the animal tissues. Its molecule is highly

complex." "The albuminous bodies or proteids occur in almost all the tissues and fluids of the body. They derive their name from the white of egg, which is taken as a type of the group.

अर्थाद् ओज एवास्ति शारीरिकमाद्युपादानकारणम्। शारीरिकावयवानां समवायिकारणमस्ति रचनाचास्यासाधारणी, ओजःसंवलितपदार्थेषु शरीरस्याखिलावयवेषु शारीरिकरसादिधातुषु विद्यते। "अलब्यूमन" (Albumin) शब्दस्य निरुक्तिरण्डश्वैत्येन प्रतिपाद्यते या शेषौजःसु अन्यतमास्ति। (?)

रेतसि विशेषभागोऽस्त्योजस' आहुस्तद्विषये।

"The Spermatozoa, suspended in a richly albuminous fluid, constitute the semen.

(W. D. Halliburton. M. D."

अर्थादधिकौजोधातुमिश्रितद्रव्यसंमिलिताः शुक्रकीटा एव शुक्रतया प्रतिपाद्यन्ते। वाग्भट्ट पादैरपि सुश्रुतोक्तवचनमेव विन्यस्यते "ओजस्तु तेजो धातूनां शुक्रान्तानां परं स्मृतम्" पाश्चात्यचिकित्सका एवमिमं वर्णयन्ति।

"So for as is at present known, protean material is never absent from living substance and is never present in anything else but that which is alive or has been formed by the agency of living cells. It may therefore be stated that protean Metabolism is the most characteristic of vitality."

अद्यावधि जानीमहे वमोजः संयुक्तपदार्थो जीवितप्राणिभ्योऽथवा शरीरांशेभ्यश्च न हि भिद्यते परन्तु, प्राणिसमूहस्तथा तज्जीवितं परमाणुभिर्निर्मितकोषेषु अवतिष्ठते। जीवनीशक्तिरोजसो बहुधा सम्यक्तया वृद्धिविसर्पणोपर्यैव संगच्छते।

ओज एवाश्रितजीवानां जीवनं, प्रकाशितमेतत्सम्बन्धे सुश्रुते "यदष्टमासे जातो बालो न जीवति, एतत्कारणमपि प्रकाश्यते अष्टमे

ऽस्थिरीभवत्योजस्तत्र जातश्चेन्न जीवेत्" अर्थादष्टममासि मातरि गर्भशायिभ्रूणे चौज उभयत्र विचरति। अतो बालकेऽस्थिरत्वादोजसो ऽष्टममासजातो प्रायो न जीवति यद् ओजः प्राणायतनमस्ति। ओजः क्षयादिविषये सुश्रुते लिखितमस्ति—

"अभिघातात् क्षयात् कोपाच्छोकाद्ध्यानाच्छमाद् क्षुधः ।
ओजः संक्षीयते ह्येभ्यो धातुग्रहणनिःसृतम् ।
तेजः समीरितं तस्माद्विस्रंसयति देहिनः ॥"

दुष्टमोजः प्रकाश्यते ।

"त्रयो दोषा बलस्योक्ता व्यापद्विस्रंसनक्षयाः ।
विश्लेषसादौ गात्राणां दोषविस्रंसनं श्रमः ॥
अप्राचुर्य्यं क्रियाणां च बलविस्रंसलक्षणम् ।
गुरुत्वं स्तब्धताङ्गेषु ग्लानिर्वर्णस्यभेदनम् ॥
तन्द्रा निद्रा वातशोफौ बलव्यापादिलक्षणम् ।
मूर्च्छा मांसक्षयो मोहः प्रलापोऽज्ञानमेव च ॥
पूर्वोक्तानि च लिङ्गानि मरणं च बलक्षये ॥

भावार्थः—ओजस त्रयो दोषाः सन्ति व्यापत्ति विस्रंसनक्षय नामानः । विस्रंसने अर्थादोजसः स्रुतत्वात् शरीरावयवानां स्तब्धता, ओजसो मूत्रेण सह निःसरणमशक्तिरखिलकर्म्मसु इमानि लक्षणानि प्रादुर्भवन्ति । व्यापत्तावोजसो विकृतिभावे शरीरस्य गुरुत्वं स्तब्धता, ग्लानिर्विरूपता तन्द्रानिद्रादयो विकाराः सञ्जायन्ते; क्षये मूर्च्छामांसक्षयादयो विकारा, अन्ते मृत्युरप्येतादृशानि लक्षणानि भवन्ति ।

ओजोगुणाः ।

तत्र बलेन स्थिरोपचितमांसता सर्वचेष्टास्वप्रतिघातः स्वर वर्णप्रसादो बाह्यानामाभ्यन्तराणां च करणानामात्मकार्य्ये प्रतिपत्तिर्भवति । (सुश्रुत० सूत्र० अ० १५)

ओजः सम्बन्धे महर्षिचरकेणाभाणि—

तेन मूलेन महता महमूलामतादश ।
ओजोवहाः शरीरेऽस्मिन् विधम्यन्ते समन्ततः ॥

येनौजसा वर्त्तयन्ति प्रीणिताः सर्वदेहिनः।
यद्दते सर्वभूतानां जीवितं नावतिष्ठते॥
यत्सारमादौ गर्भस्य योऽसौ गर्भरसाद्रसः।
संवर्द्धमानं हृदयं समाविशति यत्पुरा॥
यस्य नाशान्न नाशोऽस्ति धारि यद्धृदयाश्रितम्।
यः शरीररसः स्नेहः प्राणा यत्र प्रतिष्ठिताः॥
तत्फला विविधा वाताः फलयन्तीति महाफलाः॥

(चरक० सूत्र० अ० ३०)

अर्थाद् हृदयस्थितधमन्य ओजः* संवाह्य शरीराखिलस्थानानि पूरयन्ति, येनोजसा सन्तर्पिताः प्राणिसमूहा जीवन्ति यच्चौजोऽभावाज्जीवीः मृत्युमुखे निपतन्ति ओजः पदार्थो गर्भस्य रसोऽस्ति यदोजः प्रवर्द्धमानं प्राग्गर्भहृदये प्रविशति तदनु सर्वावयेषु व्याप्नोति यदोजोऽविनाशान्न जीवननाशः यदोजःशरीरबलं येन देहप्राणाश्च प्रतिष्ठिताः सन्ति तदेवोजः संवाह्य धमन्यो बहुविधं कार्य्यं साधयन्ति।

ओजश्च्युतिः।

पाश्चात्यचिकित्सका एवमोजोविस्रंसनलक्षणं वर्णयन्त्येके—

"In mild slowly cases, developing dropsy with anemia, shortness of breath or dyspnea and weaknes are the only symptoms, the diagnosis being confirmed by the results of wrinary examination............dropsy soon appears begining first in the eyelids and face but later becoming generalized.........uremic symptoms may develop at any time during the attack.

अर्थाद् यदि रोगस्य प्रकोपोऽधिको न भवेत्तर्हि, शोथः शनैः शनैर्वर्द्धते, पाण्डुश्वासकृच्छ्रतादुर्बलतादिलक्षणानि प्रादुर्भवन्ति रोगनिर्णयो मूत्रपरीक्षया सम्यग्भवितुमर्हति। शोथः प्रथमं नयनाननोपरि पश्चाद् शेषाङ्गेषु व्याप्नोति। मूत्रगतमूर्त्तपदार्थाखिलावयवव्याप्तितो

*रक्तमिश्रितं।

यानि लक्षणानि सञ्जन्ते इमानि च तानि लक्षणानि शिरःशूलभ्रमवमनाक्षेपविसंज्ञतेत्यादीनि मधुमेहे प्राय ओजश्च्युतिरपि भवति। एतत्सम्बन्धे महर्षिचरकेणालेखि—

तैरावृतगतिर्वायुरोज आदाय गच्छति।
यदा वस्तिं तदा कृच्छ्रो मधुमेहः प्रवर्त्तते॥

अर्थाद् वर्धितश्लेष्ममांसमेदआदिभिरावृतगतिर्वायुर्विरुद्धमार्गमाक्रामन्नोजो धातं गृहीत्वा मूत्राशये गच्छति तदा कष्टसाध्यो मधुमेहः प्रोत्पद्यते। प्रायो मधुमेहे ओजश्च्युतिविषये प्रसिद्धेन केनचित् पाश्चात्यभिषग्वरेण व्यालेखि—

"Slight albuminuria is frequent."

अर्थाद् मधुमेहे प्राय ओजश्च्युतिर्भवति। लिखति कश्चिदन्योऽपि ग्रन्थकर्ता—

"The urea and uric acid are increased. Albumin may be present."

मूत्रलवणं मूत्राम्लश्च यदा वर्द्धते तदौजसो विस्रंसोऽपि संभाव्यते। इदानीमाशंक्यते यदौजोवर्णनं चरकेणैवं किमालेखि—

हृदि तिष्ठति यच्छुद्धं रक्तमीषत् सपीतकम्।
ओजः शरीरे संख्यातं तन्नाशान्ना विनश्यति॥

कश्चिदन्यः पाश्चात्यचिकित्सको रक्तमिश्रितौजसो वर्णनमेवं करोति—

"The plasma is alkaline, yellowish in tint and its specific gravity 1026 to 1029. In round numbers plasma contains 10 p. c. of solids of which 8 are proteids in nature."

अर्थाद्रक्तगृहीतमिश्रितौजः क्षारगुणान्वितं गण्यते वर्णे ईषत्पीतमेतदाक्षेपिकगुरुत्वञ्च षड्विंशत्युत्तरैकसहस्रतः प्रारभ्य एकोनत्रिंशदुत्तरैकसहस्रं यावत् विद्यते। एतत्प्रतिशतभागे दशभागाः मूर्त्तपदार्था भवन्ति तेष्वष्टभागश्चौजो निर्णीयते साम्प्रतम्। भविष्यति प्रतीतिर्भवतां यन्महर्षिचरकेणापि एतद्रक्तमिश्रितौजो विषय एव हृदि तिष्ठतीत्यादि व्यलेखि, तदेव वर्णनमपि यत्किञ्चित्पीततार्थं प्रद-

शितम्। अस्माभिरपि लेखोपक्रम एव वर्णितं वार्ता यदोजः प्रायो-ऽन्यान्यशारीरोपादानैः सह मिलितमेव समीक्ष्यते।

स्फुट विचार।

रसीद बही—किसी कविने कहा है "बूंद बूंदसे घट भरे" इसी तरह और भी कहा है "कन कन जोरे मन जुरे" अर्थात् थोडा थोड़ा इकट्ठा करनेसे एक बड़ा भण्डार इकट्ठा हो जाता है और उससे बड़े बड़े काम सिद्ध होते हैं। महाराष्ट्रप्रान्तने इसका उदाहरण दिखला दिया है। श्रीयुक्त काले जैसे एक साधारण मनुष्यने अनुपम देशभक्तिसे प्रेरित होकर पैसा फण्ड नामकी संस्था स्थापित की और लोगोंसे पैसे पैसेकी मदद लेकर कई उत्साहियोंको साबुन दियासलाई आदि बनानेके उद्योगमें प्रवृत्त किया। होते होते इस संस्थाको महाराष्ट्रके लोकनायकोंने रक्षित और उन्नत किया। अब यह पैसा फण्ड नामकी संस्था बहुत जबर्दस्त है। इसके द्वारा एक कांचका कारखाना चल रहा है और उससे बढ़िया बढ़िया माल निकलकर देशकी आवश्यकताकी पूर्ति कर रहा है। सरकार भी इसका माल खरीद कर मदद पहुंचाती है। इस संस्थाके द्वारा लोगोंको कांच बनानेकी शिक्षा भी दी जाती है। महाराष्ट्रप्रान्तके नवयुवक होली, दिवाली, दशहरा, भैया दुइज आदिके समय घर घर चन्दा बटोरनेके लिये निकला करते हैं। यह काम एक जगह नहीं महाराष्ट्रप्रान्तके नगर नगर, कस्बे कस्बे होता है और सर्वत्रसे धन बटोरकर अपने प्यारे पैसा फण्डमें भेज दिया जाता है। वैद्य लोग चाहें तो ऐसा ही उद्योग कर आयुर्वेदका एक कालेज खुलवा सकते हैं। ऐसा कोई वैद्य नहीं जिसका वसीला अपने गांव और आसपासके गांवोंमें न हो। वैद्यसम्मेलनकी स्थायीसमितिने इस कार्यके लिये तीन प्रकारको रसीदें छापी हैं। एक प्रकारकी रसीद एक एक रुपयेकी दूसरी पांच पांच रुपयेकी हैं। तीसरे प्रकारकी रसीद कुछ निश्चित रकमकी नहीं जिससे जो मिले उसीकी रसीद लिख देनेके लिये है। यदि प्रत्येक वैद्य एक एक रसीद भी तीनों प्रकारकी मंगा लें और सालमें पच्चीस पचीस रुपये; निदान दश दश रुपयेकी भी

रकम भेजवावें तो सम्मेलनकार्यालयमें चार पांच हजार रुपये इकट्ठे हो जाया करें। इतने ही रुपये और भी उद्योग कर सम्मेलन-कार्यालय इकट्ठा कर लिया करे तो एक विद्यालय सहज ही चलता रहे। यह काम कठिन नहीं किन्तु उद्योग करनेका है। इसमें वैद्योंको अधिक स्वार्थ त्याग भी नहीं करना होगा। रईसों, विद्याप्रेमियों, उत्साहियों और अपनी चिकित्सासे आराम होनेवालोंसे वे अनुरोध किया करें तो अनायास कुछ न कुछ रकम हो जाया करे। यह एक ऐसा काम है; जिसपर वैद्योंका भविष्य निर्भर करता है। इस समय वैद्यों और आयुर्वेदके लिये बड़े ही संकटका समय उपस्थित है। इस समय भी संघशक्तिका अवलम्ब कर वे अपना कर्तव्य न कर सकें तो समझना होगा कि समयको अब उनका सर्वनाश ही अभीष्ट है। क्या वैद्य लोग अपने भविष्य और आयुर्वेदके सर्वनाशका कलंक टीका शिर पर लेंगे? अथवा उत्साहसे कर्तव्यमें जुटकर सब प्रकारसे अपनी उन्नति के उपायोंकी सिद्धिमें तत्पर हो जावेंगे?

परीक्षोत्तीर्णोंको पदक—काशी रसायनशालाके संचालक श्रीमान् रसायनाचार्य श्यामसुन्दराचार्यजी वैश्यने आयुर्वेदविद्यापीठकी परीक्षाओंमें उत्तीर्ण होनेवाले छात्रोंको पदक प्रदान करने करानेके लिये दो वर्षसे बड़ा उद्योग कर रहे हैं। गत वर्ष आपकी कृपाके फल स्वरूप एक सोने और कई चांदीके पदक दिये गये थे। इस वर्षके परीक्षोत्तीर्णोंमें पदक वितरण करनेके लिये आपने १००) रुपये आयुर्वेदविद्यापीठ कार्यालयमें भेजे हैं। इनमें उक्त रसायनशालाके संरक्षक आनरेबल बाबू मोतीचन्द सी० आई० ई० ने ५०) दिये हैं; रसायनशालाके सभापति बाबू मंगतराय विश्वेश्वरजीने ३०) दिये हैं और रसायनशालाके सदस्य पं० बैजनाथजी भारद्वाजने २०) दिये हैं। रसायनशास्त्रीजीके ही उद्योगसे कलकत्ता हजरा स्ट्रीटके श्रीयुक्त सेठ रामचन्द्र जेठा भाईजीने १५०) पदकोंके लिये देनेका वचन दिया है। यही नहीं श्रीमान् मोतीचन्द्रजी और श्रीमान् विश्वेश्वरजीने आगामी वर्ष भी पदक देनेका वचन दिया है। ऊपरके सभी श्रीमानोंको इस अनुकरणीय विद्याप्रेम और आयुर्वेद हितैषिताके लिये आयुर्वेदविद्यापीठ और वैद्यसम्मेलनकी ओर से अनेक धन्यवाद हैं।

मेरी अनेक वर्षोंसे उत्कट इच्छा थी कि पारद भस्म अनुभूत करके लिखूं; परन्तु मेरी इच्छा निष्फल हुई। अर्थात् हजारों प्रकारके चन्द्रोदय, हजारों प्रकारके सिन्दूररस आदि आदि रस तो अच्छी प्रकार उक्त रसायनसारमें वर्णित हुए; परन्तु पारदभस्म नहीं लिख सका; क्योंकि विना अनुभूत किये तो मैं किसी विषयको लिख ही नहीं सकता; परन्तु आज उसे आरम्भ करता हूं। पाव भर हिंगुलमें थोड़ा थोड़ा जिमीकन्द (सूरण) का स्वरस डाल डाल कर घोटे। जब तीन पाव स्वरस (अर्क) सूख जाय तब धतूरे के पञ्चाङ्ग (फल-पुष्प-पत्र-स्कन्ध-जड़) का स्वरस डालना शुरू करे। जब वह भी घोटते घोटते तीन पाव सूख जाय तब नींबूका रस डाल डाल कर घोटे। जब वह भी तीन पाव खप जाय, तब एक टिकिया बना कर जेठ वैशाखकी कड़क धूपमें सुखा ले। यदि चातुर्मास्यादिके कारण उतना तीव्रातप नहीं होय तो रस-सिन्दूरादि बनाते समय गरम भट्टीपर रख कर ही या भड़भूंजाके भाड़पर पांच चार दिन तक रखकर टिकियाको खूब सुखा ले। बाद फूटी टूटी शीशी बोतलोंके कांच को कूट कर कपड़ छन कर ले; और एक हांडी जिसमें अन्दाज सात सेर पानी अट सके उसपर सात कपड़मट्टी करके सुखा ले। इस हांडीमें दो अंगुल कांचकी धूली भरकर उस हिंगुलकी टिकियाको रख दे, ऊपरसे हांडीके किनारे तक उक्त धूली भर दे। फिर पतली धारसे इस हांडीमें इक्षु (ईख-ऊख) का शुक्त (सिरका) भर दे। जब पांच चार सेर सिरका भर जाय और हांडीके तलभाग तक सब धूली तर हो जाय तब इस हांडीको "तालादिभस्मकरी भट्टी" पर रख कर पतली पतली दो तीन लकडीका मन्दाग्नि लगावे। जब सिरका सब सूख जाय और "सुन सुन" शब्द होना बन्द हो जाय तब और भी सिरका भर दे। इस प्रकार दश बारह सेर सिरका भर देनेसे कांचके चूर्णकी ऐसी वज्रमुद्रा स्वयं हो जायगी कि पारद उड़कर बाहर नहीं जा सकता। यदि इतनेपर भी धूलीसे धूम निकलता मालूम हो तो कीचके समान धूलीको हाथसे दबा दे। जब सिरका बिलकुल सूख जाय और शब्द होना बन्द हो जाय तब कुछ कुछ अग्नि तेज करता जाय। यों तो किसी भी चूल्हे पर

अग्नि लगानेसे काम चल सकता है; परन्तु जिसकी विधि सचित्र रसायनसार पुस्तकमें प्रसिद्ध कर चुका हूं उस "तालादिभस्मकरी भट्टी" पर रख कर पकानेसे यन्त्रमें बंध अग्नि ठीक लगेगा। जब छः दिन और छः रात्रि अग्नि लग चुके तब अन्तिम सप्तम दिवस तीव्रतमाग्नि लगाकर भट्टीको स्वाङ्ग शीतल कर दे। जब दो तीन दिनमें हांडी खूब ठंडी (शीतल) हो जाय, तब हांडीको फोड़कर धूलीके मध्यसे काले वर्णकी टिकियाको निकाल कर धतूरेके रसमें घोटकर सम्पुटमें रखकर पक्की मुद्रा करके ऊपरसे सात कपरमट्टी करके सुखा ले। फिर "कुक्कुट पुट" में रख कर फूंक दे। कुक्कुट पुट, मुद्राविधि आदि सब प्रकार रसायनसार पुस्तकमें लिख चुका हूं। इस प्रकार सात कुक्कुट पुट देनेसे पारदकी श्वेत भस्म बनेगी। बस पारद भस्म तो बन गयी। अब इसमें गुण वृद्धि करनेको नागफनी थूहरके स्वरसमें घोट घोटकर ४० वराहपुट या गजपुट और दे ले। वैद्योंको यह शङ्का नहीं करनी चाहिये कि यह तो हिंगुल भस्म बनी, पारद भस्म फिर क्यों बतलायी जाती है? जब रूमियां हिंगुल (नरम हिंगुल) सेरसे छटांक कम सेर पारद निकलता है तब हिंगुलभस्मको भी पारद भस्म ही समझना चाहिये। इस पारद भस्मके गुण जहां तक कहे जांय थोड़े हैं: क्योंकि "मृदः कोटिगुणं स्वर्णं स्वर्णात्कोटि गुणो मणिः, मणेः कोटि गुणो बाणो बाणात्कोटि गुणो रसः। रसात्परतरं किञ्चिद् न भूतो न भविष्यति" इत्यादि न्यायसे पारदके गुणोंका किसी महर्षिने संख्यायन नहीं किया। अनुपानवश सभी रोगोंमें यह भस्म परमोपकारक है। केवल मधु इलायचीके साथ भी एक चावलसे १ रत्ती तक इसकी मात्रा दे सकते हैं। परन्तु प्रकृति बलाबल देखकर मृदु जुलाब या तीव्र जुलाबसे प्रथम कोष्ठ शुद्धि करना अत्यावश्यक है।

रेचन प्रयोग—

पांच सेर गौका या भैंसका दूध, छटांक भर सफेद संखिया, पावभर शुद्ध जमालगोटा, दो तोले दाल चिकना, पावभर दही इन सबको दूध बिलोनेके या दही बिलोनेके चिकने हंडामें रखकर दो अहो रात्र छोड़ दे। बाद इस दहीको बिलोकर घी निकाल ले। इस घृतमेंसे तीन माशे से छः माशे तक खानेसे दो ही तीन मिनट

के बाद चार पांच दस्त होते हैं और चित्त भी नहीं बिगड़ता। इसे पाठक लोग जुलाब ही नहीं समझें किन्तु श्वास, कास, मंदाग्नि, विष्टम्भ आदि समस्त उदर विकारके लिये भी यह उत्तम औषध है।

जैपाल शुद्धि।

यद्यपि जमालगोटेकी शुद्धि रसायनसार प्रथम भागमें भी लिखी है; परन्तु उस प्रकारसे शुद्धि करनेमें जैपाल तैल हाथ नहीं पड़ता इसलिये जैपालकी जिह्वापहरण तक तो वही क्रिया कर ले, बाद जमालगोटोंको लोहेके खरलमें कूटकर एक बटलोईमें आध सेर पानीके साथ चूल्हे पर चढ़ाकर मन्द मन्द अग्नि लगावे। जब पानी जलने पर आवे और छटांक आध पाव पानी रह जाय तब सम्पूर्ण तैल निकल कर ऊपर तैरने लगेगा, उसे किसी शीशीमें भर कर रख छोड़े। इस जैपाल तैलमें गन्धकको गला कर त्रिफला आदिके क्वाथमें बुझानेसे यह गन्धक ही केवल सर्वकोष्ठ विकारके लिये उत्तम वस्तु है और यदि इस गन्धकके योगसे सिन्दूररस, हिरण्यगर्भ पोटली, पञ्चामृत पर्पटी, आदि रस बनाये जायँ सो और भी अच्छा होगा। इस तैलका हाथ आंख, नाकमें न लगे। यद्यपि इस लेखका "पारदसंस्कार और चन्द्रोदय" शीर्षक है; परन्तु चन्द्रोदयोंके हजारों प्रकार रसायनसार पुस्तकमें मिलेंगे, इससे पाठकोंको सूचना देता हूं कि उक्त पुस्तकसे चन्द्रोदय प्रकारों को निश्चित् कर लें।

संग्रहः।

अम्ब्वल्प मल्पं दरदे प्रदाय विमर्दयेत्सौरणमाप्रशोषात्।
लीनेऽत्र तस्मात्त्रिगुणेऽथदत्त्वा धत्तूरपञ्चाङ्गजलम्बु मर्देत् ॥१॥
अस्मिंश्च शुष्के त्रिगुणे ततोऽत्र नैम्बूकनीरं त्रिगुणं प्रशोष्य।
विधाय चक्रीं रवितापशुष्कां काचस्य चूर्णे निदधीत सूक्ष्मे ॥२॥
मृद्धरिण्डकायां कृतमृत्पटायां भृतेऽथ शुक्तं परिपूरयेत।
इक्षुद्रवं चात्र ददीत शश्वत् सप्ताहमग्निं क्रम वर्द्धमानम् ॥३॥
शीतेऽत्र यन्त्रे परिमर्द्य चक्रीं धत्तूरनीरेण पुनर्विधाय।
निधाय शाराव पुटे पुटेत्तां सप्ताष्टधा कुक्कट नामधेये ॥ ४ ॥

श्वेते भस्मनि संजाते सर्पस्नुङ्नीरमर्दनैः ।
चत्वारिंशत्पुनर्वारान् पुटैः सूतोऽमृतोपमः ॥ ५ ॥

—पं० श्यामसुन्दराचार्य, रसायनशास्त्री ।

आयुर्वेदकी स्थिति ।

(वैद्यभूषण पं० रामचन्द्र शर्मा वैद्यशास्त्री गोकुल मथुरा)

आप लोगोंमें समयानुरोधसे प्राचीन, एवं लोक पूज्य आयुर्वेद-पर जो श्रद्धा और स्नेहभाव उत्पन्न हुआ है, उससे दृढ़ आशा की जा सकती है कि अनतिदूर भविष्यमें भारतीय आयुर्वेदकी गिरती हुई दशाका अवश्य कुछ सुधार होगा; अथवा यों भी कह सकते हैं कि अगर आप लोगोंने एक मन होकर पूज्य आयुर्वेदकी महिमा समझ ली है, उसके उद्धारके प्रयत्न करनेका साहस करके ही यदि बद्ध परिकर हुए हैं तो अत्यधिक विलंब नहीं लगेगा कि जिस ऋषि मुनिगण सेवित आयुर्वेदसे सभी देशवासी ऋणी हुए थे, जिसकी महिमा सात समुद्र पारके विद्वानोंने भी भली भांति जानकर अविरल प्रशंसाएं की थीं, एक समय ऐसा भी था जब पाश्चात्य देश-वासियोंने भारतसे ज्ञान विज्ञानकी भिक्षाएं ग्रहण करते हुए लोक-पावन आयुर्वेदशास्त्र भी सीखा था, एक दुःखप्रद समय आज उपस्थित है, हमारे उसी भारत गौरव सर्व विज्ञान शिरोभूत आयु-र्वेदका ऐसा अधःपतन हुआ है कि कोई ग्रंथ उन संहिताओंमेंसे देखनेतकको मौजूद नहीं रह गया है, जो प्रचीन योग तपः सिद्ध ऋषिसंतानोंने भूरि परिश्रमसे लिखा था । भारतवर्षमें पहले भी हिमगिरि के उच्च एवं सुविस्तीर्ण शिखरोंपर कन्दमूल फलाहारी तपोपवास अध्ययन ब्रह्मचर्य्यशील मुनिगणोंकी सभाएं हुई थीं, इसी पुण्य भारतवर्षमें आत्रेय, भरद्वाज, पराशर आदि महिमान्वित तेजःपुञ्ज महर्षिगण वनस्पतियोंकी खोजमें पंचमहानदियोंके किनारों पर घूम रहे थे, शिष्यगण परिवृत आयुर्वेदके आचार्य अर्बुद, सह्य,

महेन्द्र और मलयाचलमें सोमलता, एवं जीवनीयगणके प्रभावों और जरा-व्याधि-विध्वंसी तत्वोंका अन्वेषण कर रहे थे, शत शत सहस्र सहस्र ऋषिगण सम्मिलित हो शल्यादि अष्टांगोंपर बड़ी संहिताएं निर्माण कर रहे थे, चारों ओरसे छात्रगण धावमान हो ज्ञान विज्ञान संबंधी वचन प्रतिवचन क्रमसे गुरुगणकी उपासना कर रहे थे, कांकायन, वाल्हीक, वार्योविद, भाद्रकाप्य आदि विद्वान ऊहापोह वितर्ककर शांति पूर्वक द्रव्य रस, कोई त्रिदोषवाद एवं कोई गर्भावस्था और आत्मा अथच जड़चेतनवाद आदि परम गम्भीर और सूक्ष्म विषयोंपर आलोचन विवेचन कर रहे थे। पूज्यवर ऋषिकुल चन्द्रगण आप लोग भी जान लें आज उसी अस्तंगमनोन्मुख आयुर्वेद सूर्यकी विज्ञानपूर्ण किरणोंसे ही आप लोगोंके हृदय मंदिरमें प्रकाश हुआ है। आपका कर्तव्य है कि इस दैव प्रेरित यद्वा अवशिष्ट महिमप्रकाशको बुझने न दें। बल्कि उसे अधिकतर प्रकाशमान बनाकर आयुर्वेदसागरके सारे रत्नोंका अनुसंधान करें। मानव जीवन यात्रा संबंधी सारी सामग्री जो आपके आयुर्वेद भंडारमें उपस्थित हैं, उन्हें इस अप्रतिम अद्भुत प्रकाशके सहारेसे पहचानकर सुरक्षित बनाइये, प्रयत्न, ऐक्य, दृढ़ता, धैर्य, निरन्तर अध्यवसाय, साहस आदि आपके चिर प्रसिद्ध गुणोंसे शेष गौरव आदि शास्त्र आयुर्वेदका गौरव रक्षा कर सकनेसे निश्चय ही आप अपनी मातृ-भूमिका गौरव रख सकेंगे; महाशक्ति माता सरस्वतीकी उचित सेवा, वेदोंके पवित्र मानव जीवनके उद्देश रक्षाके हेतु, प्राणिरक्षाके मूल कारण, अथच धर्मार्थ काम मोक्षके आदि रक्षा कारण की, संरक्षा आप लोग सुचारु रूपसे कर सकेंगे। पूज्यवर बंधुगण आप सभी निज सेव्य आयुर्वेद देवका महत्व, अपने पूर्वजोंकी चिर-संपादित श्रमलब्ध संपत्तिका महत्व, अच्छे प्रकार जाने हुए हैं तथापि आप लोगोंके कर्तव्यानुरोधसे कुछ ऐसी बातें निवेदन कर देना अपनी उचित सेवा जानता हूं, कि जिनके सुननेसे आप लोगोंका साहस, आपका देशानुराग, भारतीय आयुर्वेदपर श्रद्धा और भी बढ़ जावे; और इतना ही नहीं अपने सहस्रों एवं लक्षों अति प्राचीन पूर्वज महर्षियोंकी कष्टसे पैदा की हुई संपत्तिकी रक्षामें अत्यन्त दृढ़-व्रती हो जावें। साम्प्रति अपने वैद्यक शास्त्र संबंधी जो ग्रंथ समूह

प्रेसोंकी सुगमतासे प्राप्त हो रहे हैं, उन्हें देख यद्यपि कोई कोई कहते होंगे कि आयुर्वेद शास्त्रपर आज भी कितने ही ग्रंथ विद्यमान हैं ऐसा माननेवाले महाशयोंकी सेवामें मेरी विनीत प्रार्थना है कि जो जो ग्रंथ आप देख रहे हैं और जिन्हें आयुर्वेद शास्त्र कहकर अभिहित करना चाहते हैं, वे कुछ अत्यल्प संख्याके ग्रंथोंहीके उलट फेर और संग्रह हैं। जो विषय, जो चिकित्सा संबंधी विचार, दो चार वैद्यक ग्रंथोंमें मिलते हैं उनके पाठान्तर, रूपान्तर, या शब्द योजना कौशलसे विद्वानोंने स्वार्थपरायण होकर अपने यश वृद्धिकी कामनासे ग्रंथ निर्माण किया है। कोई ग्रंथ तो ऐसे हैं कि जिनमें इधर उधर (नुसखों) प्रयोगोंके संग्रहके सिवाय और कुछ भी नहीं है। और वैसा संग्रह कई विद्वानोंने कर व्यर्थ ही ग्रंथकार होनेके नामपर बट्टा लगाया है। इससे भी अधिक दुःख का विषय है कि किसी किसी साहित्य काव्य प्रिय रसिक विद्वानने अपना वैद्यत्व प्रसिद्ध करनेकी व्यर्थ अनधिकार चर्चाका आश्रय लेकर ऐसी पुस्तकोंकी रचना की है कि जिससे सिवाय उनकी व्याकरण शास्त्र संबंधी योग्यताका परिचय और काव्य-नैपुण्यके अतिरिक्त वैद्यक शास्त्र संबंधी कुछ भी उपकार साधन नहीं हो सकता है। प्रत्युत कहीं कहीं तो और अपकारकी संभावना हो गयी है। कोई कोई रसिकवर तो चढ़े ज्वरमें स्त्रीमुखचुंबन जैसे घृणित विषय लिखकर आयुर्वेद-शास्त्रके गौरव पर आघात कर गये हैं। इतना ही नहीं वर्त्तमान-कालमें जो और भी अधिक आघात पवित्र आयुर्वेदपर हुए हैं, उन्हें तो लिखते हुए रोना आता है, कि नोंन मिरच हींगका भी पूरा तत्व न समझनेवाले वैद्य छद्मचरोंने पुस्तकें लिख डाली हैं, वह भी आयु-र्वेदके उन घोर शत्रुओंसे किसी प्रकार कम नहीं हैं, जिन्होंने अपने लोभवश यद्वा अशक्त होते हुए व्यर्थ यशः लोलुप होकर कितनी ही भाषाटीकाएं कर डाली हैं। जो लोग संस्कृतके विद्वान हैं, जिन्हें वैद्यक शास्त्रको गुरुमुखसे पढ़ने समझनेका अवसर मिला है, वे जान सकते हैं कि ऐसे क्षुद्राशय टीकाकारोंने ग्रंथोंके आशय बिना समझे जो अत्याचार किया है, उस उनके दूषित कर्म का फल सर्व-साधारणको बड़े भयंकर कष्टरूपमें उठाना पड़ता है। जब कभी केवल भाषाके आधारपर वैद्यक करनेवाले अविवेकी चिकित्सकोंसे

काम पड़ जाता है, उस समय उन टीकाकार धूर्तोंके अनर्थसे जो चिकित्सा विभ्राट घटित होता है, उसका परिणाम देख हृदय विदीर्ण होता और गरीब स्वार्थान्ध टीकाकारोंपर दया आती है। ऐसे ही लोगोंके कारण आज एक नयी दुरवस्था प्राप्त हुई है, वह कैसी भयावह है, हाय आज भारतका दैव दुर्विपाक आज भारतके विज्ञानका अधःपतन ! कि विदेशीय वैद्यक विज्ञान प्राप्त डाकृर लोग वैद्यों को क्वैकस (Quakes) कहकर हंसी उड़ाते हैं। इन सब दुःखों-को हम सहन करते हैं, चुपके लांछना सहन करते हैं, इसका मुख्य कारण यही है कि हम अपने आयुर्वेद का महत्व समझकर पूर्ण रीतिसे उसकी रक्षा करने को तैयार नहीं हो सके हैं। यदि हम अपने आयुर्वेद संबंधमें ऋषिप्रणीत प्राचीन संहिताग्रंथों एवं रसा-यनाचार्योंके अद्भुत आविष्कार ग्रंथोंका प्रचार बढ़ानेको दृढ़व्रत हो कटिबद्ध हो जावें और पिष्टपेषण स्वरूप व्यर्थ ग्रंथोंका प्रचार रोकें एवंच अति प्राचीन आर्ष संहिता ग्रंथोंका अनुसंधान और संग्रह करनेका प्रयत्न आरम्भ कर दें जिनके मिलनेपर हम कई शताब्दियों-के घोर परिश्रम द्वारा उपार्जित पाश्चात्य जगतके सारे ज्ञान विज्ञान-को आज भी अपूर्ण एवंच अपने प्राचीन ऋषिगणोंके आयुर्वेद-कोषके आगे तुच्छ कह कर गौरवान्वित हो सकेंगे और बड़े दर्पके साथ कह सकेंगे कि हमारी मुनिमंडलीके योग-समाधि ज्ञान द्वारा प्राप्त हुए निभ्रान्त सिद्धान्तों (Theories) के आगे आर्वाचीन पाश्चात्य आविष्कार परिवर्तनसापेक्ष और भ्रांतिमूलक हैं। जो जो चमत्कार देख रहे हो और किसी समय सारे जगतको दिखा सके थे, फिर भी दर्पके साथ विद्युत-जगत्के रसायनसृष्टिके वही सारे चमत्कारोंसे पुनर्वार विश्वब्रह्मांडको चकित कर सकोगे। तुमने तो सचेतनवादसे, आत्मिक ज्ञानसे, विभुविज्ञानसे सिद्धि प्राप्ति की थी। चिरस्थायिनी अबाध्या दुष्प्रतिक्रिय महिमा सिद्धि प्राप्त की थी। आज जड़वादी जड़ (Matter) सेवकोंकी भांति पूर्ण शक्तिसे तुम्हें तभीतक चकित होना पड़ेगा जबतक अपने त्रिलोकमान्य आयुर्वेद महासागरमें गोता लगा, आत्मिक बल लाभ कर, अपने समाधि-सिद्ध विज्ञानकी निरन्तर उपासना न करोगे।" बंधुवर्ग, बातें बहुत बढ़ी जा रही हैं, उकताइये नहीं यो तो इस काल-

में प्राप्त होनेवाले प्राचीन संहिताग्रंथस्वरूप जिन चरक, सुश्रुत, वाग्भट्टको आप लोग देख रहे हैं, ये उस आयुर्वेदशास्त्रके अंतर्गत करनेके योग्य ही नहीं है, जिस चरक संहिताको भगवान आत्रेयके व्याख्यानके प्रति संस्कार रूप, यद्वा अग्निवेश संहिताके प्रतिप्रसव ग्रंथ रूपसे चरकाचार्यने किसी समय लिखा था उसका कालक्रमसे कितना ही अंश नष्ट भ्रष्ट हो गया था। पंचनद देशजात आधुनिक आचार्यवर दृढ़ बलने संस्कारकर एवं सिद्धिस्थान स्वयं निर्माण कर संयुक्त कर दिया था। उसी चरकसंहिताके ऊपर कितनेही आचार्योंकी टीकाएं हैं जो कि बड़े गंभीर आशयोंसे भरी हुई हैं, उनमें बंगदेशके महामति, पंडितवर चक्रपाणिदत्तकी टीका प्रशस्त और सुगम एवं प्राप्य है। यही दशा धन्वंतरिके व्याख्यानोंसे निर्मित सुश्रुताचार्यकी सुश्रुतसंहिताके खंडशः और नष्टप्राय होनेपर नागार्जनके द्वारा संस्कार साधन हुआ है। वाग्भट्टाचार्य जो कलियुगारम्भके महाराज युधिष्ठिरके राजत्वकालमें राजसभाका चिकित्सक था यद्वा एक वाग्भट्टाचार्य शंख गुप्तात्मज दूसरा जो वाग्भट्टका पौत्र था, उसकीभी संहिता अर्थात् एक अष्टांग हृदय एवं दूसरी वृद्धवाग्भट्टनाम्नी मौजूद है। बात कुछ विवादग्रस्त है। इतिहास लेखन प्रणालीके बहुत कालसे बिगड़जानेसे स्थिर नहीं कर सकते कि कौन वाग्भट्ट कब हुए थे। कामकी बात इतनी है कि सुश्रुत संहितापर डल्लनाचार्यकी संस्कृत व्याख्या एवं वाग्भट्टके अष्टांगहृदयपर सर्वांगसुन्दरा टीका मिल रही हैं। अष्टांगसंग्रह नामक वृद्ध वाग्भट्ट ग्रंथ मूल मात्रही मिलता है* और कुछ अध्यायोंके विशेष वर्णनके अतिरिक्त सर्वांग अष्टांग हृदयके सदृश ही है, इन्हीं चरक सुश्रुतका खूब महिमागानकर उल्लेखकर पाश्चात्य विद्वानों अथच यूनानदेशीय हकीमोंने वर्णन किया है। इसके उपरांत जो ग्रंथ, वैद्यकशास्त्रके अंतर्गत विषयोंके व्यष्टि वर्णनके मिलते हैं, वे भी किसी रूपान्तर एवं शिव सिद्धान्त अनुयायी रासायनिक आचार्योंके ग्रंथोंके ही संग्रहप्राय हैं। कहनेका फलितार्थ यह है कि हम चरक-सुश्रुत-वाग्भट्टको आयुर्वेदीय संहिता नहीं कह सकते, चरक और

*त्रिचूरमें "इन्दुव्याख्या" सहित छप रहा है।—सम्पादक।

सुश्रुतकी उपक्रमणिकामें लिखा है, कि ब्रह्माने वेदरूपी अनंत ज्ञान सागरमेंसे, आयुर्वेद शास्त्र निकाला और एक लक्ष श्लोककी अपने नामसे एक संहिता प्रसिद्ध की थी। ब्रह्मासे आयुर्वेद पढ़कर दक्ष-प्रजापतिने, अश्विनीकुमारद्वयको पढ़ाया था। खोज करनेपर मालूम हुआ है कि अश्विनीकुमारोंनेभी अपनी प्रथक् संहिता निर्माण की थी (इस विषयका पता अभी मैंने बीकानेर राज्यका पुस्तकालय देखा था उसमें लगा था। अश्विनीकुमारसंहिता नामक एक ग्रंथके १८ पत्रे मैंने देखे थे एवं अकबरके दरबारी राजा टोडरमल कृत "टोडरानंद ग्रंथ" को देखा उसमें भी इस विषयका प्रमाण मिला है)। अश्विनीकुमारोंसे इन्द्रने आयुर्वेद पढ़कर भरद्वाज एवं आत्रेय आदि मुनियोंको पढ़ाया था। कहनेकी आवश्यकता नहीं, यथा नियम भरद्वाज एवं आत्रेयने भी अपनी अपनी संहिताएं लिखी थीं। कृष्णात्रेयके ६ शिष्य हुए। उनने भी अपने अपने नामसे संहिताएं लिखीं और इसी प्रकारसे भगवान धन्वन्तरिके भी सुश्रुतादि शत शिष्योंकी १०० संहिताएं कोई शल्य प्रधान, कोई कायचिकित्सा प्रधान एवं कोई अन्य विध चिकित्सा प्रधान लिखी गयी थीं। संदेह नहीं कि इनके अतिरिक्त भी कितनीही संहिताए आयुर्वेदकी ऋषिगणोंने रची थीं, आज उनमेंसे एकभी हमको प्राप्त नहीं है। उत्तरोत्तर विद्वानोंने जितने ग्रंथ लिखे हैं, उनमेंसे चरक-सुश्रुत-वाग्भट्टको छोड़ कर कुछ ग्रंथ औरभी हैं उनमें शार्ङ्गधर, भावप्रकाश, माधवनिदानकी जो लघुत्रयी कहलाती है, इस समय वैद्योंमें उपयोगी समझे जाते हैं। चक्रपाणि कृत "चक्रदत्त" आदि विशिष्ट चिकित्सा प्रणालीके और भी कई ग्रंथ उल्लेख योग्य हैं। अथच शिवसिद्धान्तानुयायि कितने ही आचार्योंने रसायन विषयमें बड़े बड़े चमत्कारप्रद ग्रंथ लिखे थे। उस ग्रंथ समूहमेंसे भी इस समय जो ग्रंथ मिल रहे हैं उनमें "नागार्जुनीय तंत्र" एवं नित्यनाथ कृत "रसरत्नाकर" तथा वाग्भट्ट कृत "रसरत्नसमुच्चय" और अंतिम बंगाली विद्वान गोपालकृष्ण कृत "रसेन्द्रसारसंग्रह" आदि हैं। इनके अतिरिक्त सब ही ग्रंथोंमें पिष्टपेषण प्रयोग संग्रह भरे पड़े हैं। आर्य रसायन शास्त्र संबंधी, एक इतिहास कलकत्ता प्रेसीडेन्सी कालेजके अध्यापक पंडितवर श्रीप्रफुल्लचन्द्र राय D. Sc, Ph. D. महाशयने लिखकर, प्राचीन आर्योंकी रसा-

यन शास्त्र संबंधी उन्नतिका अच्छा उल्लेखकर दिखलाया है। प्रोफेसर राय महाशयने सगर्व दिखा दिया है कि रसायन शास्त्रमें भी आर्योंने भूमंडलमें उच्च अधिकार प्राप्त किया था; किन्तु दुःखका विषय है कि साम्प्रतिकालमें मिलनेवाले ग्रंथोंमें उन प्राचीन आर्य-रसायन वेत्ताओंके अतुल ज्ञानका स्थूल दिग्दर्शन मात्र है। आयुर्वेदका सम्यक् ज्ञान संपादन करनेको यदि इस समय ग्रंथोंकी ओर देखें तो यही कहना पड़ता है कि अष्टांग आयुर्वेदके सारेही उपयोगी विषय इस समय अधूरे मिलते हैं। फलतः उन्हें पढ़ पढ़ाकर जैसा होना चाहिये वैसा ज्ञान सम्पादन नहीं हो सकता। वैद्यकशास्त्र पढ़नेवालेको सबसे प्रथम निदान जाननेकी आवश्यकता है; और जिस माधवकरके रुग्विनिश्चयसे वह विषय पूरा करना चाहते हैं वह वाग्भट्ट सुश्रुत चरक आदिक ग्रंथोंकी नकल (अवतरण) मात्र है। कहनेका मतलब यह है कि माधवनिदान द्वारा "निदान" विषयक उचित ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। जिन वैद्योंने माधवको पढ़ा है वे जानते हैं कि किसी रोगका हेतु नहीं कहा तो किसीकी संप्राप्ति नहीं। यहांतक कि वर्त्तमानकालमें प्रचलित कितनेही भयंकर रोगोंका वर्णन भी उसमें नहीं है। अतएव माधवनिदानसे इस समय निदानके अंतर्गत जितनी बातोंका जानना आवश्यक है उतनी बातोंका ज्ञान सम्यक् प्रकारसे नहीं हो सकता। इसी हेतु सर्ववैद्यानुमोदित एक ऐसे निदान ग्रंथकी आवश्यकता है कि जिसमें तत्तद्विषयमें सारे विषयोंका उल्लेख हो, गत वर्षके हमारे सभापति महाशय शील श्रीयुक्तविद्वद्वर श्रीगणनाथ सेन M.A. L.M.S., महाशयने प्रकाशमें कहा था कि आपने एक सिद्धान्तनिदान नामक ग्रंथ निर्माण कर दिया है। आशा है वैद्य बंधु उस ग्रंथसे लाभान्वित होंगे। जो दशा निदानकी है वही दशा शारीरिककी है। कोई ग्रंथ इस समय ऐसा नहीं मिलता जो निर्भ्रांत और असंदिग्ध हो। सुश्रुतके शारीरके अनुसार प्रत्यक्ष नहीं मिलता; और बहुतसे अस्थि संख्या आदि विषय ऐसे हैं जो हम नहीं कह सकते किस कारण यथालिखित अभ्रान्त नहीं ठहरते। निघंटु या वानस्पतिक विज्ञान संबंधमें भी हमारे यहां कोई पूर्ण विस्तारयुक्त और उत्तम ग्रंथ नहीं है। वृद्धत्रयीके सूत्र स्थानोंके अतिरिक्त भावमिश्र एवं निघंटु संग्रहकार

नरहरि पंडितके जो निघंटु सम्बन्धी पुस्तक मिल रहे हैं, उनसे साधारण स्थूल ज्ञानके सिवाय और कुछ नहीं जान सकते । औषधियोंके अनेकानेक नामोंका वर्णन कर गुण सम्बन्धी वर्णन सूत्ररूप ही किया गया है । अनंत औषधि—जगत्‌के उपयोगी विषयोंके सविस्तर ग्रंथकी बड़ी ही आवश्यकता है। अंग्रेजी (Botany) वनस्पतिज्ञानशास्त्रके लिखनेकी जो पद्धति है, उसी पद्धतिसे एक वृहत् ग्रंथकी आवश्यकता है । आशा है आयुर्वेद प्रेमी कोई विद्वान इस त्रुटिकी पूर्ति करनेका श्रम स्वीकार करेंगे । रासायनिक ग्रंथोंमेंसे जो इस समय प्राप्त हो रहे हैं उनसे पारद आदिकी संस्कार क्रियाएं एवं सत्वपातन और बड़ी बड़ी अभिद्रुतियां इस समय तैयार नहीं की जाती हैं । उन विषयोंमें भी सुगम एवं विशद ग्रंथोंके लिखे जानेकी बड़ी आवश्यकता है। आयुर्वेदशास्त्रके अनेक ऋषियोंकी अनेक विध चिकित्सा प्रणालियोंके स्थूल विषयोंके कुछ संकेत चरक सुश्रुत, वाग्भट्टमें मिल रहे हैं; उनके प्रत्येक विषयपर सविस्तर क्रिया-क्रमोंके व्याख्यानोंकी जरूरत है । चिकित्साशास्त्रमें सबसे अधिक आवश्यक विषय जो हमें पाश्चात्य चिकित्सकोंके आगे लज्जित करानेवाला है यह है कि हमारे वैद्य बंधुओंको शारीरका प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं कराया जाता । अथच शस्त्र-क्षाराग्नि-चिकित्सामें कुछ भी योग्यता नहीं है । पंच कर्मोंकी संशोधन-चिकित्साके विषयमें आयुर्वेदशास्त्रमें बड़े बड़े नियम बनाये गये थे और उसके महत्वको आर्य चिकित्सक भलीभांति जानते और उसमें कृतित्व प्राप्त कर लेते थे। इसके प्रमाण स्वरूप आर्य वैद्यक ग्रंथकारोंकी व्यवस्था कह रही है—

दोषाः कदाचित् कुप्यन्ति जिता लंघन पाचनैः ।
ये तु संशोधनैः शुद्धा न तेषां पुनरुद्भवः ॥—सुश्रुत ।

कहनेका मतलब यही है कि चिकित्साशास्त्रके स्नेहन, स्वेदन आदि कर्म वास्तिचिकित्साके रहस्य एवं विशेषतः शस्त्र, क्षार आदि चिकित्साओंके विषयमें बहुमतानुमोदित ऐसे ग्रंथोंकी सरल देश भाषाओंमें प्रणयन पूर्वक प्रचारकी आवश्यकता है । जिनमें नवीन पद्धतिके पाश्चात्य विद्वानों द्वारा विशोधित सिद्धान्त अनु-

सार Surgery, Physiology एवं acids आदिकी निर्माणक्रिया और व्यवहार एवं Zoology प्राणि-विद्या Bacteriology कीटाणु-विज्ञान आदि आदिके विषयोंपर असंदिग्ध ग्रंथोंकी पूर्ति हो। भारतीय देशानुरागी उन विद्वानोंसे प्रार्थना है, जिन्होंने पाश्चात्य शस्त्र-चिकित्सा आदि विषयोंमें कृतित्व लाभ किया है। आशा है वे विद्वान आयुर्वेद पर श्रद्धा रख देशोपकारक इस वैद्यकशास्त्रकी त्रुटियां पूर्णकर वैद्यबंधुओं और साधारण प्रजाके धन्यवाद भाजन बनेंगे। सम्मेलनमें पधारे हुए विद्वानों, अखवारोंके सम्पादकोंसे विनति पूर्वक निवेदन है कि यथासंभव उपरोक्त विषयोंके ग्रंथनिर्माणकी सूचना सम्मेलनके कार्यकर्ताओंको देते रहेंगे और सम्मेलनके कर्त्ताओंका भी कर्त्तव्य है, कि वे उपरोक्त विषयके ग्रंथलेखकोंको यथासाध्य उत्तेजन देंगे। ऐसा होनेसे किसी समय वैद्योंके सिरसे Quakes कहे जानेका लांछन मिट जायगा। इसमें संदेह नहीं कि वर्त्तमान समयमें सद्वैद्योंका भी इतना अभाव हो गया है कि इसी कारणसे डाकूर लोग "वैद्यक" शास्त्र पर भी कटाक्ष कर हास्य उड़ाते हैं। मैं निवेदन कर चुका हूं कि यों तो जिन ग्रंथोंको बड़ेसे बड़े वैद्यकशास्त्रके ग्रंथ कह सकते हैं, वही आवश्यक विषयोंसे अपूर्ण हैं, तथापि वैद्योंकी ऐसी शोचनीय अवस्था है कि बंगदेशीय विद्वानोंको छोड़ कर अन्य प्रांतोंमें उन बचे खुचे ग्रंथोंके मार्मिक विद्वान पढ़ने पढ़ानेवाले प्राप्य नहीं हैं। कहां तक कहें वैद्योंमें ऐसे बंधुवर विराज रहे हैं, जिन्हें निदान, शारीर वा निघंटुके मर्म समझनेकी तो बात दूर रही, कभी स्वप्नमें भी दर्शनतक नहीं किये होंगे। कोई अमृतसागर तो कोई वैद्यजीवन या वैद्यकसार, एवं दिललगन जैसे पुस्तकोंको बांच कर या सोंठ, मिरच, पीपर घोंटते हुए चूरण चटनी बनाते वैद्य बन गये हैं। उनकी बातोंके जालमें आकर सहस्रों लोगोंने अपने प्राण गँवाये हैं। कह नहीं सकते कबसे ऐसा प्रचार बढ़ा है कि रोगी लोग लकड़ेके माफिक हाथ लंबा कर देते और वैद्योंसे सारे रोग सम्बन्धी हाल दरयाफ़ करते हैं। कुछ समझमें नहीं आता, कितने ही वैद्य भी नाड़ी ही देख कर लोगोंको संतोषित कर देते हैं, और नाड़ी मात्रके अवलंबसे कुल रोगोंका हाल कहना ही नहीं वरंच ऐसी ऐसी गप्पें उड़ा रखी हैं कि अमुक वैद्यराजजी हाथमें डोरा

बांध कर सारा हाल कह देते थे, और किसी चतुरने तो भैंसके पैरमें डोरा बांध कर रानी साहिबा बीमार है, यह कह कर वैद्यराजजीकी परीक्षा ली थी और वैद्यराजजीने खली और भूसा देनेकी व्यवस्था कर दी थी। प्रिय बंधुवरो, खेदका विषय है जिस वर्त्तमानकालके प्राप्य निदान ग्रंथोंको हम अपूर्ण कहने चले हैं, नाड़ी वैद्योंके आगे तो वे भी झक मारते हैं। कोई कोई तो बड़े गौरवके साथ अहंकारसे ढाई मनका सिर हिलाकर रोगीसे कह देते हैं कि हां! हमने तुम्हारा रोग समझ लिया। अरे लड़के! इन्हें काली गोली दे दो, बस कोई भी कुछ बोल नहीं सकता। प्रजामें भी इन वैद्योंके अज्ञानने इतना प्रभुत्व प्राप्त किया है कि यदि कोई निदानज्ञ वैद्य रोगीसे कुछ प्रश्न करता है तो उसे कुछ नाड़ी ज्ञान नहीं, गुरुसे कुछ सीखा नहीं, अभी अधकुचला वैद्य है, आदि आदि बातें कहकर उसकी दिल्लगी उड़ायी जाती हैं। फलितार्थ यह है कि निदान विषयमें हमारे वैद्य-बन्धुओंको बड़ी योग्यता प्राप्त करनी है। वैद्य होनेके वास्ते जैसी आवश्यकता निदानकी है उसी प्रकार शारीर, अंतरावयव विज्ञान-का प्रत्यक्ष दर्शन करनेकी आवश्यकता है। इस विषयमें वैद्यवर्ग बिलकुल पीछे हैं और कोई प्रबन्ध कई शताब्दियोंसे इस विषयका वैद्योंमें नहीं हुआ है। यह बात उस समयके ग्रंथोंसे प्रतीत हो रही है। सुश्रुताचार्यने "शव छेदनादि द्वारा प्रत्यक्षानुभवं कारयेत् शिष्येभ्यः" कहकर मुर्दे चीरनेका उपदेश दिया था और प्राचीनकालके ब्राह्मण भी शवछेदनकर शारीरका प्रत्यक्ष ज्ञान संपादन करते थे। जबसे छूआ छूतकी अत्याचारमात्रा बढ़ गयी तबसे हमारी वैद्यक विद्याकी अवनति हुई और वैद्यबन्धुओंमें अज्ञानने प्रवेश किया। वनस्पतिशास्त्र एवं द्रव्यगुणके निघंटु ज्ञानमें भी आज वैद्योंकी दशा देखकर उनपर दया आती है। विचारे वैद्य पंसारी या ग्वाले जंगली लोगों के सदैव ही अधीन बने रहते हैं। चरकाचार्य लिखते हैं—

न नाम-ज्ञानमात्रेण रूपज्ञानेन वा पुनः।
ओषधीनां परां प्राप्तिं कश्चित् वेदितुमर्हति॥
योगज्ञस्तस्य रूपज्ञस्तासां तत्व विदुच्यते॥—सूत्र स्था०

आप लोग विश्वास करें मैंने ऐसे वैद्यराजोंके दर्शन किये हैं, जिन्हें गजपिप्पली, शालिपर्णी आदि औषधियोंतकका स्वरूप ज्ञात नहीं है। कहांतक कहें पंसारीकी दुकानकी दवा नयी हो या पुरानी, जैसा नुसखा बंधकर आ गया वैसी ही दवा खलजीको सपुर्द हुई और अब रोगीकी चिकित्सा उसके भाग्यपर निर्भर हुई। इन कारणोंसे एक नहीं सहस्रों बार अनर्थ संघटित हुए हैं। जैसा कि शारीर ज्ञानकी परम आवश्यकता दिखाते हुए महामुनि चरकने कहा था—

सर्वदा सर्वथा सर्वं शारीरं वेद यो भिषक्।
आयुर्वेदं स कात्स्न्येन वेदलोक सुखप्रदम्॥

इसी प्रकार निघंटु-ज्ञानकी उपयोगिता एवं वनस्पति-शारीर संबंधी ज्ञानके साधन अथच निदानका भी महत्व दरशा दिया था; परन्तु हम निरन्तर वैद्यबन्धुओंसे प्रार्थना करते हैं, कि इन उपरोक्त आवश्यक विषयोंमें उचित ज्ञान प्राप्त न करके सर्वसाधारणके आगे वैद्य होनेका दावा न करें और चिकित्सक बननेके वास्ते अतित्वरा न करें; नहीं तो उन्हें खेद और आयुर्वेदशास्त्रको व्यर्थ लांछन प्राप्त होता है। जैसी दशा वैद्योंकी ऊपर कहे विषयोंमें है, चिकित्सा विषयमें भी वही दुख देखा जा रहा है। प्रथम तो औषधि निर्माण क्रियामें वे लोग कृतित्व लाभ नहीं कर सकते डाक्टरोंके वास्ते, कालिजों-स्कूलोंमें जैसे Laboratories हैं वैसा कोई भी प्रबंध वैद्यबंधुओंके लिये नहीं है। जो लोग कुछ आयुर्वेदके स्कूलोंमें शिक्षा प्राप्तकर आयुर्वेदाचार्य बन चुके हैं उन्हें भी पूरे तौरपर रासायनिक प्रणाली-का कर्म ज्ञान नहीं मिला है; अथच तैलपाक, घृतपाक, क्षार, आसव, अरिष्ट, लेह आदि उनके हाथसे तैयार कराकर उन्हें उचित ज्ञान नहीं कराया गया है। मकरध्वज जैसे रसोंका प्रस्तुत करना, पारद-के संस्कार एवं धातुओं विषोपविषोंके शोधन जारण आदिमें बिना कृतित्व लाभ किये केवल हास्यभाजन बनना और अधूरे वैद्य रह-कर व्यर्थ ही बड़े बड़े प्रमाणपत्रोंको लजाना है। कितने ही पुराने ढंगके अभिमानी वैद्योंको तो मैंने कहते सुना है कि हमारे सामने डाक्टर लोग चिकित्सा विषयमें कुछ भी नहीं जानते। हम उनकी इस

बातपर दुःखी होते हैं किन्तु साथ ही यह भी कहे देते हैं कि निश्चय ही जहां शीत आ जानेपर स्ट्रिकनियां देते देते थक जाते हैं, वहां चन्द्रोदय आदि उत्कृष्ट रसौषधियां अद्भुत चमत्कार दिखाकर आयुर्वेदकी गौरव रक्षा करती हैं। परन्तु इतना होनेपर भी हमें वैद्यबन्धुओंकी दशापर तो दुःख ही होता है कि वे जिन्होंने, हिंगुलकी चाशनी कर ली या खरीद ली है अथवा उत्तर देशके पहाड़ी लोगोंके पाससे एक आने तोलेके भावसे लोहभस्म, नकली तार, अभ्रक, बंग आदि कृत्रिम औषधियां खरीद ली हैं, उन्हें कौन पदवी दें, किस श्रेणीके वैद्यराज कहें? उन्हींके कारण समय समयपर चिकित्सा-विभ्राट होनेपर डाकृर हमारी हंसी उडाते हैं। बंधुवरो! महात्मा चरकाचार्यने कहा हैः—

हेतौ लिंगे प्रशमने रोगाणामपुनर्भवे।
ज्ञानं चतुर्विधं यस्य स राजार्होभिषक्तमः॥ (सूत्रस्थान)

अब आप लोगोंने महामुनिका अभिप्राय समझ लिया होगा कि रोगका आदि कारण, लक्षण, एवं प्रशमन और भाविरोगावरोधन (स्वास्थ्यरक्षण) के विशिष्ट ज्ञानकी वैद्यबन्धुओंको कितनी आवश्यकता है। वैद्यगण कितने प्रकारके देखनेमें आते हैं, इसका कुछ निदर्शक महामुनि चरकने दिखा दिया है। उसे ही आप लोगोंको निवेदन कर इस लेखके बढ़ जानेके लिये क्षमा मांगूंगा। निश्चय ही आप लोगोंका बहुत सा समय एक छोटेसे विषयमें ले लिया है। आप मुझे अपना एवं आपके पवित्र आयुर्वेदका सेवक जान अवश्य क्षमा कीजिये।

चरकाचार्य कहते हैं—

भिषक् छद्मचराः सन्ति सन्त्येके सिद्धिसाधिताः।
सन्ति वैद्यगुणै र्युक्तास्त्रिविधा भिषजो भुवि॥

वैद्यभाण्डौषधैः पुस्तैः पल्लवैरवलोकनैः।
लभन्ते ये भिषक् शब्द मज्ञास्ते प्रति रूपकाः॥ १॥

श्री यशोज्ञान सिद्धानां व्यपदेशादतद्विधा।
वैद्य शब्दं लभन्तेये ज्ञयास्तेसिद्धिसाधिताः॥

प्रयोग ज्ञान विज्ञान सिद्धि सिद्धाः सुखप्रदाः।
जीविताभिसरा येस्यु वैद्यत्वं तेष्ववस्थितम्॥

किं वहुना, आप लोगोंने अब वैद्य जगत्की त्रुटियोंको समझ लिया होगा। कितने प्रकारके वैद्य इस समय हमें दर्शन दे डाक्टरोंके आगे वैद्यक शास्त्रको लांछित करा स्वयं नालायक कहा कर निरंतर पवित्र आयुर्वेदप्रेमियोंके हृदय दुखा रहे हैं। इस समयके वास्ते नहीं कहते कभी आर्योंके अति प्राचीन कालमें जब भरद्वाज, कृष्णात्रेय आदि तपोधन हिमालयके शिखरोंपर सभाओंमें विज्ञान-धारा बहा रहे थे, उस समय जो चिकित्सक मौजूद थे उनकी योग्यताके प्रमाणमें एक ही मात्र श्लोक अब आप लोगोंको सुनाना और बाकी है। आज तो उस विषयको उठातेही हमारे पाश्चात्य Scientists वैज्ञानिक हमारी दिल्लगी उड़ावेंगे। किन्तु हम तो फिर भी बड़े हर्षके साथ कहेंगे कि पूर्वर्षिगण अवश्यमेव औषधोंके विशिष्ट रासायनिक प्रयोगों द्वारा हजारों वर्षकी आयु बढ़ा सके थे। इतना ही नहीं महात्मा चरकाचार्य तो कहते हैं कि :—

न केवलं दीर्घमिहायु रश्नुते, रसायनं यो विधिवन्निषेवते।
गतिं स देवर्षि निषेवितां शुभां प्रपद्यते ब्रह्म तथेति चाक्षरम्॥

एवंच योग शास्त्र के कर्त्ता पतञ्जलि कहते हैं—

"मंत्रौषधि समाधिजा सिद्धयः"

समझ लीजिये कभी वैद्योंकी योग्यता और औषधि सम्बन्धी ज्ञान कैसे बढ़ा चढ़ा था, यज्ञका शिर संधान, भगके नूतन नेत्र संयोजन, पूषाके दंत स्थापन, च्यवनका पुनर्युवा करना आदिकी गाथाएं हमारे पूर्वज वैद्यराजोंकी योग्यताके उत्कृष्ट प्रमाण देदीप्यमान हैं। अब अन्तिम यही प्रार्थना है कि वैद्योंकी उन्नति करना ही यदि हमारे कर्त्तव्यका कुछ भी भाग है तो शारीर प्रत्यक्ष ज्ञान, वनस्पति ज्ञान, निदान, एवं रासायनिक प्रक्रिया आसव घृतादिकी प्रस्तुत प्रणाली एवं चिकित्सा क्रमसे पूर्ण अभिज्ञ वैद्य जिस तरह पैदा हो सकें, वैसे स्कूलों संस्थाओंकी व्यवस्था कीजिये। आयुर्वेद आपका और आप आयुर्वेद के हैं। ऋषियोंका रक्त पारंपरिक सूक्ष्म भावसे आपकी नसोंमें बह रहा हैं। मैं तो आपका एवं परमपूज्य

ऋषियोंके तपोलब्ध आयुर्वेद विज्ञानका तुच्छ सेवक हूं। आप लोगों-का जो समय नष्ट किया है उसके लिये क्षमा कीजिये ; और आशिष करिये कि सदैव मुझे आपकी और आयुर्वेदकी सेवा करनेका समय मिले। जगदीश्वरसे विनीत प्रार्थना है कि वैद्य बंधुओंमें हार्दिक प्रेम, सहानुभूति, धैर्य, अध्यवसाय और दया आदि गुण उत्पन्न हों, आयुर्वेदके रहस्य उनको ज्ञात हों और उनके द्वारा लोक-कल्याण साधित हो।

विसूचिका।

[बाबू जयकुमार जैनी वैद्य, प्रयाग]

बहुधा यह बात देखी जाती है कि मनुष्योंको आहारकी विषमतासे ही अजीर्ण रोग उत्पन्न होता है; इसी कारणसे सब रोग अनायास ही उपस्थित हो जाते हैं। उनको न्योता देनेकी आवश्यकता नहीं पड़ती। परन्तु यदि मनुष्य सावधानीसे रहे, आहारादिकी विषमतासे बचता रहे, तो कदाचित ही उसे किसी रोगकी मेहमानी करानेका अवसर प्राप्त हो। तात्पर्य कहनेका यह है कि केवल एक अजीर्ण ही सब रोगोंका मूल कारण है और उसके विनाश होनेसे सब रोग नष्ट हो जाते हैं। यथा—

प्रायेणाहार वैषम्यात् अजीर्णं जायते नृणाम्।
तन्मूलो रोग संघातस्त द्विनाशाद्विनश्यति॥

इस बातका अनुभव सबसे पहिले लाखों वर्ष पूर्व ही हमारे महामान्य आचार्योंको हो चुका था। उन्होंने स्पष्ट शब्दोंमें लिख दिया है कि "रोगाः सर्वेऽपि मन्दाग्नौ" अर्थात् पचन शक्तिके ह्रास होनेसे यावत रोगोंकी उत्पत्ति होती है और उन सब रोगोंमें अजीर्णका पहिला नम्बर है। अतः इससे यह बात सिद्ध हुई कि सब रोगोंका मूल कारण अजीर्ण ही है। इस अजीर्णकी उत्पत्ति भी विशेष कारणोंसे होती है। यथा—

अत्यम्बुपाना द्विषमाशनाच्च, संधारणात् स्वप्न विपर्ययाच्च।
कालेऽपि सात्म्यं लघुचापि भुक्तं अन्नं न पाकं भजते नरस्य॥

ईर्षाभय क्रोध परिक्षतेन लुब्धेन रुग्दैन्य निपीडितेन।
प्रद्वेष युक्तेन च सेव्यमान मन्नं न सम्यक् परिपाकमेति॥

अर्थात् अत्यन्त जल पीना, चाहे जल शुद्ध और निर्दोष हो तौ भी अधिक मात्रासे पीनेसे अवश्य अजीर्ण होता है, विना समय थोड़ा या बहुत भोजन करना या एक भोजन न पचा हो उसके ऊपर फिर भोजन करना, मल मूत्र आदि वेगोंको रोकना, दिनमें सोना, रात्रिमें जागना, ईर्षा, भय, क्रोध, लोभ, शोक, दीनता, मत्सरता आदि कारणोंसे मनुष्योंका हितकारक भोजन भी नहीं पचता; याने कच्चा रह जाता है और भोजनकी इस कच्ची अवस्थाका नाम ही अजीर्ण है।

प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि जब विवद्ध आम अल्प दोष करके संयुक्त होता है और अग्निका मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, ऐसी अवस्थामें पुनः भोजन करनेकी इच्छा उत्पन्न होती है। यदि मनुष्य ऐसी अवस्थाको समझकर भोजन न करे तो ठीक है; अन्यथा वही अजीर्ण मनुष्यके लिये कालस्वरूप होकर विष सेवनके समान उसे नष्ट कर देता है। कहा है:—

स्वल्पं यदा दोष विवद्ध मामं लीनं न तेजः पथमा वृणोति।
भवत्य जीर्णेऽपि तदा बुभुक्षा सा मन्द बुद्धिर्विषवन्निहन्ति॥

इसी अजीर्णसे एक प्रकारका दुर्गंधित वायु तथा आम उत्पन्न होता है, पाचक रसकी कमी होती है और फिर लापरवाही करनेसे महा भयङ्कर प्राणोंको शीघ्र नष्ट करनेवाली विसूचिका उत्पन्न होती है। इस भयङ्कर रोगका वर्णन ही इस लेखका मुख्य अभिप्राय है। यदि सूक्ष्मतया विचार किया जाय तो इसकी निरुक्तिसे ही इस रोगका बोध हो जाता है।

सूची भिरिव गात्राणि तुदंसतिसृतेऽनिलः।
यस्याजीर्णेन सा वैद्यै विसूचीति निगद्यते॥

जिस अजीर्णमें वायुकी अधिकतासे सूची (सुई) के चुभानेकी सी पीड़ा हो उसे विसूचिका कहते हैं। अथवा:—

विविधै वेदना भेदैर्वाय्वादे भृश कोपतः।
सूची भिरिव गात्राणि भिनत्तीति विसूचिका॥

अथवा चरकोक्त पाठ—

उर्ध्वंचाधश्च प्रवृत्तामदोषां यथोक्त रूपां विसूचीं विद्यात्।

इसीका भेद खल्लीविसूचिका भी है जिसका लक्षण इस प्रकार है:—

उदरे च महाशूलस्तोदः सर्वाङ्ग सन्धिषु।
तमः प्रवेश हिक्का यां खल्ली सूच्या च लक्षणः॥

अर्थात् उदरमें महाशूल-कोचने सरीखी सब शरीरमें और संधिमें पीड़ा, आंखोंके तले अंधियारा मालूम होना और हिचकी आना इत्यादि खल्ली विसूचिकाके लक्षण हैं।

यह रोग प्रायः बसन्त और ग्रीष्म ऋतुओंमें अधिक और अन्य ऋतुओंमें भी विशेष कारणसे प्रकट होता है। वर्षा ऋतुमें जलकी अधिकतासे मिट्टीमें मिली हुई वनस्पतियां तथा मल, मूत्र, कूड़ा-कर्कट आदि सड़ जाते हैं और उनपर घाम पड़नेसे उनसे निकली हुई भाफ, वायुको विषैला बना देती है। जिसके संसर्गसे अन्न फलादिकोंमें भी विकार उत्पन्न होता है। इस विकार संयुक्त अन्नादिकोंका उदर और फुफ्फुसमें असर पहुंचता है और विषैला वायु भी शरीरमें प्रवेश कर रुधिर द्वारा मस्तिष्क तथा सम्पूर्ण अङ्गमें विकार उत्पन्न कर देता है। इसके अतिरिक्त मनुष्योंके श्वासके संग भी विषैला वायु निकलता है: और भिन्न भिन्न मनुष्योंका श्वास वायु भी भिन्न भिन्न प्रकृतिका होता है। वही विषैला वायु, वायुसे सम्मिलित होकर पुनः श्वास द्वारा शरीरमें प्रवेशकर इस रोगको उत्पन्न करनेमें सहायक होता है। एक रोगी मनुष्यका श्वासवायु अत्यन्त विषयुक्त होनेसे उसके निकटवर्ती मनुष्यके श्वासके साथ सम्पर्क होनेसे दूसरे मनुष्यको भी बीमारी आक्रमण करती है; इसीसे इसको संक्रामक रोगोंकी गणनामें दिया है।

इससे यह स्पष्ट है कि शरीरके भीतर अजीर्णसे अन्न, जल और वायुमें विकार पहुंचनेसे अथवा ऊपरसे विकारयुक्त अन्न, जल, वायु आदिके कोठेमें प्रवेश करनेसे यह रोग होता है। दूषित वायुसे अथवा दूषित अन्न जलादिके सेवनसे पाचक रस दुष्ट हो जाता है; जिससे जठराग्नि खराब हो जाता है; और जठराग्निके बिगड़नेसे

ही इसका विषैला असर होता है; किन्तु जिन मनुष्यका अग्नि दीप्त है और जिनका शरीर शुद्ध है उनके ऊपर इस रोगका असर नहीं होता। यह बात प्रत्यक्ष देखनेमें आयी है कि बहुतसे लोग रात दिन ऐसे रोगीके पास रहते हैं; तो भी उनपर इसका असर बिलकुल नहीं होता। किन्तु यहां एक बात कहना आवश्यक मालूम होता है, कि भयके कारण भी जैसा कि ऊपर कहा गया है, अधिकांश लोगों पर इसका प्रभाव होता देखा गया है। जहां एक मनुष्यने सुना कि अमुक अमुक मनुष्योंको विसूचिका हो गयी है, बस सुनते ही, पेट खड़बड़ा पड़ा, झट दस्त हो गया।

डाकृरोंका मत है कि यह एक प्रकारके कीटाणुके प्रवेशसे होता है। जिसको सन् १८८४ ई० में योरपके डाकृर कौक साहेबने मालूम किया था और इसी कारणसे उसका नाम कौकका वेसिलस पड़ गया; किन्तु आजकल उसको कालरा विबरियो (Cholera vibrios) के नामसे सम्बोधन करते हैं। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि आंखोंसे नहीं दिखलाई पड़ते; किन्तु सूक्ष्मदर्शक यंत्रसे देखने पर रोगीके सफेद दस्तोंमें बहुतायतसे दिखाई पड़ते हैं और रोगीके मरने पर आंतोंमें असंख्य मौजूद रहते हैं; किन्तु कयमें बहुत कम मिलते हैं।

अब यहां यह प्रश्न उठता है कि क्या इसके आविष्कर्त्ता केवल यूरोपियन डाकृर ही हैं जिनको कि इसका परिशोध किये केवल ३० वर्ष हुए। क्या इसके पहिले इस कीटाणु-विज्ञानका कहीं उल्लेख था ही नहीं। ऐसा नहीं है—पश्चिमीय विद्वान लोग भी सुश्रुतको ईसा संवत्से १४०० वर्ष पूर्वका मानते हैं अर्थात् उनके कथनानुसार भी इस ग्रन्थको हम तीन हजार वर्षके पहिलेका मान सकते हैं। उससे मालूम पड़ता है कि हमारे महर्षिगण शताब्दियों पहिलेसे ही जन्तुविज्ञानके सूक्ष्म तत्वोंको जानते थे और उन्होंने इसका उल्लेख ग्रन्थोंमें भी किया है। अतः यह बात नहीं कही जा सकती कि जन्तुविज्ञान नवीन आविष्कृत है और इस विषयको पहिले वैद्य कुछ भी नहीं जानते थे।

हमारे महामान्य महर्षिगण इस बातको भलीभांति जानते थे कि सब प्रकारके संक्रामक रोग, रक्तजन्य रोग कृमिजन्य हैं और तभी

उन्होंने इन रोग वाले मनुष्योंसे बचते रहनेका उपदेश दिया है। सुश्रुत निदान स्थान अध्याय ५ में कहा है।

प्रसंगात् गात्रसंस्पर्शात् निश्वासात् सहभोजनात्।
सहशय्यासनाच्चापि, वस्त्रमाल्यानुलेपनात् ॥
कुष्ठो ज्वरश्च शोषश्च, नेत्राभिष्यन्द मेव च।
औपसर्गिक रोगाश्च, संक्रामन्ति नरान्तरम् ॥

अर्थात् परस्पर प्रसंग अर्थात् मैथुनादि या सदैव साथ रहना, शरीरसे शरीर आलिंगन करना, परस्पर श्वास से श्वासका लगना, एक साथ भोजन करनेसे, एक शय्या पर सोनेसे, एक आसनपर बैठनेसे तथा पहिना हुआ कपड़ा पहिननेसे, पहिनी हुई मालाको पहिननेसे, लगाये हुए चन्दनादि लेपोंको लगानेसे इत्यादि संसर्गके कारणोंसे, कुष्ठ (जिसके अन्तर्गत दाद, खाज, उकवत, अपरस आदि चर्म रोग हैं), ज्वर (जिसके अन्तर्गत विषम ज्वर वा मले-रिया, प्लेग, निमोनिया आदि हैं) यक्ष्मा, नेत्राभिष्यन्द और औप-सर्गिक रोग (शीतला, मसूरिका आदि) तथा इनके समान अन्यान्य रोग भी जैसे विसूचिका रक्तजन्य रोग भी एक मनुष्यसे दूसरे मनुष्यके शरीरमें व्याप्त होते हैं। रक्तजन्य रोग कृमि जन्य हैं इसके विषयमें सुश्रुत उत्तरतन्त्र अध्याय ५४ में कहा है:—

केशरोमनखादाश्च दंतादाः किक्किशा स्तथा।
कुष्ठजाश्च परीसर्पी ज्ञेयाः शोणित सम्भवाः ॥
ते सरक्ताश्च कृष्णाश्च स्निग्धाश्च पृथवस्तथा।
रक्ताधिष्ठानरुजान् प्रायो विकारान् जाययन्ति ते ॥

अर्थात् केशोंमें होनेवाले कृमि, रोमोंसे होनेवाले कृमि, नाखूनोंमें होने वाले कृमि जोकि इनको खा जाते हैं, तथा दांतोंके कीड़े और किक्किश कुष्ठज और परिसर्पि ये सात प्रकारके कृमि रक्तसे या रक्तके मैल आदिसे होते हैं। ये कुछ सुर्खी लिये, काले, चिकने और फैलने वाले होते हैं। ये रक्तस्थानमें होने वाले विकारों (कुष्ठ-फुंसी-खाज इत्यादि) को उत्पन्न करते हैं। सु० सूत्र स्थान अ० २४ श्लोक १५ में सब प्रकारके कुष्ठ, विसर्प, पिडिका, मशक, नीलिका, तिल-काल, न्यच्छ, व्यङ्ग, इन्द्रलुप्त, प्लीहा, विद्रधि, गुल्म, वातरक्त,

अर्श, अङ्गमर्द, रक्तप्रदर, रक्तपित्त आदि बात रक्तादि प्रभृति रोगोंको रक्तजन्य कहा है ।

डाक्टर लोग खास करके संसर्गज रोगीकी नाड़ी देखकर साबुन या और वस्तुसे हाथ धो डालते हैं; ताकि रोगीके स्पर्शसे कीटाणु उनके भी न प्रवेश कर जायँ। इस प्रणालीका भी उल्लेख हमारे महर्षियों ने किया है । हारीत संहितामें लिखा है कि:—

नाड़ी दृष्ट्वा तु यो वैद्यो हस्तपूतं समाचरेत् ।
रोग शान्ति र्भवे द्वैद्यो गङ्गास्नानफलं भवेत् ॥

अर्थात् रोगीकी नाड़ी देखकर वैद्यको हाथ धो डालना चाहिये। ऐसा करनेसे दो लाभ होते हैं एक तो रोगी अच्छा हो जाता है और दूसरे वैद्यको गङ्गास्नान करनेका लाभ प्राप्त होता है ।

यदि इस श्लोक पर विचार पूर्वक दृष्टि डाली जाय तो मालूम होगा कि यह कैसा भाव पूर्ण श्लोक है । सम्भव है कि वैद्य नाड़ी देखकर हाथ न धोवे, इसीलिये इसको धर्म्मरूपसे शिक्षा दी है; जिससे वैद्य नाड़ी देखकर अवश्य हाथ धोवे और संसर्गज रोगोंसे बचा रहे । जिसमें अदृश्य जीवाणु रोगीके संसर्गसे उसको रोग न लगने पावे ।

इसके अतिरिक्त जब विषयुक्त अन्न, जल तथा वायु भीतर प्रवेश करता है, तब वायुमें जो अति सूक्ष्म अदृश्य विषैले कीटाणु परमाणुओंकी भरमार रहती है, वे आमाशयमें प्रवेश करते हैं । उसीके अनुसार यह भी एक प्रकारसे विसूचिका कृमिजन्य है ऐसा हो सकता है । दूसरे अजीर्ण अथवा भोजनके अपाकमें भी एक प्रकारके कीटाणुओंका उत्पन्न होना कहा गया है ।

अजीर्णभोजी मधुराम्लनित्यो द्रवः प्रियः पिष्टगुडोपभुक्ता ।
व्यायामवर्जी च दिवाशयानो विरुद्धभुक् से लभते क्रिमींस्तु ॥

अर्थात् अजीर्णमें भोजन करना, प्रतिदिन विशेष मीठा खट्टा तथा द्रव पदार्थ खाना, ज्यादा महीन पीसा अन्न जैसा मैदा आदि तथा गुड़ के बने पदार्थ खाना, भोजन करके परिश्रम न करना, दिनमें सोना, संयोग विरुद्ध भोजन करना जैसे दूध मत्स्य, समभाग घृत मधु आदि खाना इत्यादिसे कृमि उत्पन्न होते हैं । एक बात इसमें

अवश्य है कि विशूचिका रोगमें अजीर्णका होना पहिले है, चाहे वह अजीर्ण किसी प्रकार हुआ हो; उसके उपरान्त कृमियोंके होनेकी सम्भावना है। विना अजीर्ण भये कालरा विबग्यो (हैजेके कृमि) का उत्पन्न होना अथवा बढ़ना सम्भव नहीं है। यदि वे कीड़े किसी तरह आमाशयमें पहुंच भी जायं तो उससे कुछ हानि नहीं हो सकती। डाकृरोंका कथन है कि अमरीकाके बाज डाकृरोंने जान बूझ कर हैजेके कीड़ोंको पानीमें डाल कर पी लिया और उनको कुछ नहीं हुआ। उनका कथन है कि स्वास्थ्यकी अवस्थामें मुखके द्वारा इन कीड़ोंके चले जानेसे सदैव विसूचिका (हैजा) नहीं हो सकती। लेकिन यदि आमाशयके तेजाबकी तेजीको किसी एलक लाइन नमकसे जैसा सोडा आदिसे मार कर फिर हैजेके कीड़े पेटमें पहुंचाये जांय तो मनुष्यकी हैजेसे मृत्यु हो सकती है। इससे यह बात सिद्ध है खाली पेटमें या अजीर्णकी दशामें, जल या खाद्य वस्तुके साथ हैजेके कीड़े पेटमें पहुंचकर बढ़ सकते हैं और अपना विष पैदा करके हैजा उत्पन्न कर सकते हैं। हैजेका होना या न होना मुख्य करके रोगीके ऊपर निर्भर है: क्योंकि हैजेकी बीमारीके दिनोंमें तन्दुरुस्त आदमियोंके पाखानेमें भी हैजेके कीटाणु मिलते हैं।

विशूचिकाके प्रारम्भमें पहिले पहिल पूर्व भुक्त अन्न विना कष्टके द्रवरूपमें विकृत रंगका सरल है: परन्तु पीछे श्वेत चावलके धोवनके जलके सदृश अथवा माड़के सदृश निकलना आरम्भ होता है, कभी कभी रक्तवर्णका भी होता है तथा वमन और ऐंठन शीघ्र प्रारम्भ हो जाती है: अन्तमें मूत्रावरोध होकर रोग असाध्यताको प्राप्त हो जाता है। इस रोगकी प्रथमावस्थामें जीका मचलाना और वारम्बार वमन और पतले दस्त होते हैं।

द्वितीयावस्थामें जीभमें कांटे पड़ जाते हैं प्यासका जोर बढ़ जाता है। नाड़ीकी चाल मन्द पड़ने लगती है और कुछ कुछ संज्ञाहीनता सी भी प्रतीत होने लगती है।

तृतीयावस्थामें एकदम बिलकुल होश हवास नहीं रहता, संज्ञा-नाश हो जाती है, हाथ पैर ठंढे पड़ जाते हैं, पसीना बहुत आने लगता है, बदनमें ऐंठन या बाइटे चलने लगते हैं, आंखें अन्दर-

को घुस जाती हैं, होठ, नाखून, जीभ आदि काले अथवा नीले पड़ जाते हैं, हिचकियां आने लगती हैं तथा मूत्रावरोध हो जाता है। कभी कभी रोगीको मरते दमतक भी होश हवाश दुरुस्त रहता है।

इस रोगमें केवल यही लक्षण प्रतीत नहीं होते हैं; किन्तु दोषकी वृद्धिके अनुसार और अन्य अन्य लक्षण भी प्रतीत होते हैं। यथा—
अतीसार मूर्च्छा पिपासांग पीड़ा भ्रमोल्लास हिक्का विमुक्ताङ्गसन्धिः।
निमग्नेक्षिणो कृष्णदन्तोष्ठ जिह्वा विसंज्ञा विसूच्यां भवन्ती हि शूलम्॥

विसूच्यामशुद्धिर्वमिर्मूत्रघातो भवेत् वेपथुः कंठवक्त्रोष्ठशोषः।
विसंज्ञा रतिर्देहदाहो ऽल्पशब्दस्त्वचाकोचनं क्षुद्धिनाशोऽल्पचेष्टा॥

मूर्च्छातिसारो वमथुः पिपासा शूलो भ्रमोद्वेष्टनजृम्भदाहाः।
वैवर्ण्यकम्पो हृदये रुजश्च भवन्ति तस्यां शिरसश्च भेदः॥

पतला मल होना, मूर्च्छा (बेहोशी), अधिक बारम्बार प्यास, बदनमें दर्द, शिरमें चक्कर आना, जीका मचलाना, वमन होना, हुचकी, अङ्गोंका शिथिल पड़ जाना, अथवा ऐसा मालूम हो कि सम्पूर्ण सन्धि भिन्न भिन्न हो गयी हैं, नेत्रोंका भीतर धस जाना, दांत, नाखून, जीभ, ओठ आदिका काले पड जाना, संज्ञाकी हीनता, उदर तथा शिरमें दर्द, मन की ग्लानि तथा अपवित्रता, मूत्रका अवरोध, कंठ मुख और ओठोंका सूखना, बेचैनी, शरीरके भीतर दाह और ऊपर शरीर ठंढा पड़ जाना, स्वरका धीमापन, शरीरमें कोचने सदृश पीड़ा, क्षुधाका नाश, चेष्टाका विकृत हो जाना, जम्हाई आना, देह कांपना, हृदयमें पीड़ा और शिरमें फोड़ने सरीखी पीड़ा इत्यादि।

इसके अतिरिक्त रोग और भी वृद्धिको प्राप्त होकर शक्ति का धीरे धीरे ह्रास कर देता है, माथे पर ठंडा पसीना आने लगता है, शरीरकी गरमी धीरे धीरे कम होती जाती है और शरीरका जो भाग खुला रहता है वह मुर्देकी तरह ठंढा पड़ जाता है; किन्तु जितना शरीर ऊपरसे शीतल होता जाता है उतनी ही गर्मी भीतर बढ़ती जाती है और इसलिये रोगी कपड़े वगैरह उतार उतारकर फेंकने लगता है। अंगुलियां ठिठुरी सी हो जाती हैं, जैसे कि बहुत देरतक पानीमें पड़ी रही हों। श्वास लेनेमें बडी कठिनता मालूम पड़ने लगती है। वमन होते

स्फुट विचार।

वैद्यक पत्रोंमें अश्लील लेख—सामान्यतः साधारण पत्रोंमें जिन बातोंका लिखना सभ्यताके विरुद्ध अथवा उपेक्षणीय हो सकता है, उनमेंसे कई बातोंको वैद्यकपत्रोंमें लिखनेके लिये कभी कभी बाध्य होना पड़ता है। साधारणतः ऐसे लेख वैद्यकपत्रोंमें लिखनेके लिये सरकारी कानून कभी रुकावट नहीं डालता और डाले ही क्यों, लोगोंमें निषिद्ध भावोंका प्रचार न होने देनेके लिये ही अश्लील साहित्यके प्रचारमें रुकावट डालनेका कानून बना हुआ है; किन्तु जब सर्वसाधारणके लाभके लिये ही वैद्यकपत्रोंको वैद्यकविज्ञान लिखते समय प्रसंगवश ऐसे साहित्यका विवेचन करना पड़ता है तब उसके लिये आक्षेप कैसे हो सकता है? हम सुनकर दुःखी हुए हैं कि लाहौरके उर्दू देशोपकारक साप्ताहिक वैद्यक पत्रपर अश्लील लेख छापनेके लिये लाहौरकी पुलिसने मुकद्दमा चलाया है। ये लेख कई अंकोंमें प्रकाशित हुए हैं। आयुर्वेदमहामण्डलके अधिवेशनमें इनपर विचार हुआ और पञ्जाबके छोटे लाट तथा लाहौरके डिपुटी कमिश्नरसे प्रार्थनापत्र भेजकर प्रार्थना की गयी कि देशोपकारक वैद्यक पत्र है और ऐसे पत्रोंको आवश्यकता होनेपर ऐसी बातें छापनेके लिये लाचार होना पड़ता है इसलिये देशोपकारकका मुकदमा वापस लेकर उदारता प्रकट करनी चाहिये। आशा है ऐसा ही होगा। किन्तु अन्य वैद्यकपत्रोंको इस घटनासे सावधान होना चाहिये। वे यह न समझ लें जो मनमें आवे वही छापनेपर भी वे कानूनके चंगुलसे बच सकेंगे। किसी विषयका विज्ञानकी दृष्टिसे वर्णन करते समय यदि कोई ऐसी बात या ऐसे शब्द लिखने पड़ें जो साधारणतः अश्लील हों किन्तु उक्त लेखमें उनका प्रयोग करना अनिवार्य हो वहां अवश्य आईन लेखकको क्षमा योग्य कहेगा। किन्तु यदि कोई मनुष्य आपसे पत्र द्वारा कोई बात पूछता है और आप उसे उसका उत्तर पत्र द्वारा न देकर अपने अखबारमें ही न कहने योग्य बात खोल खोल कर लिखने लगेंगे तो निश्चय नहीं कहा जा सकता कि कानून आपकी रक्षा करेगा ही। जहांतक हो सके भद्दी बातोंका उत्तर सार्वजनिक रीतिसे न देकर खानगी पत्रों द्वारा देना ही उत्तम है।

प्लेग कमीशन—चतुर्थ वैद्यसम्मेलनकी इच्छाके अनुसार वैद्यसम्मेलनकी स्थायीसमितिने प्लेग-मलेरिया आदि संक्रामक रोगोंकी

जांच करनेके लिये एक कमीशन नियुक्त किया है। तदनुसार इसको उपसमितिने प्लेगके सम्बन्धी ४८ प्रश्नोंकी एक प्रश्नावली छपाकर प्रकाशित की है और उसे बहुतसे वैद्यराजोंके पास भेजा है। स्थायी-समिति कार्यालय देश भरके वैद्योंके नाम पते नहीं जानता और वह नहीं समझ सकता कि कौन कौन सज्जन इस विषयके उत्तर देनेकी रुचि रखते हैं। इसलिये निवेदन है कि जो सज्जन चाहें प्रश्नावली मँगा लें और उसका उत्तर लिख भेजें। ऐसी प्रश्नावली संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषामें अलग अलग छपी तैयार है। अंग्रेजी जाननेवाले लोगोंसे पत्र व्यवहार करने और उत्तर संग्रह करनेका काम बदायूंके डाक्टर श्रीयुक्त रामनारायण वर्मा (कारोनेशन फार्मेसी) को सौंपा गया है और वे इसके लिये उद्योग कर रहे हैं। आशा है इस आवश्यक विषयपर वैद्यराज लोग ध्यान देंगे। इस विषयकी ठीक पूर्ति न होनेसे वैद्योंका गौरव प्रकाशित नहीं होगा; बल्कि यही सिद्ध होगा कि इस विषयकी खोजकी ओरसे यह समुदाय अपनी अयोग्यताके कारण लापरवाह है।

सूचना।

पहले जिस प्रेसमें यह पत्रिका छपती थी वह घराऊ झगड़ेके कारण महीनोंसे बन्द है। हम देख रहे थे कि झगड़ा मिटे और पत्रिका निकले; परन्तु अबतक वैसा नहीं हुआ। अतएव लाचारीके साथ इसका डिक्लेरेशन अब दूसरे प्रेसमें दिया गया है और यह पत्रिका उसी नये प्रेसकी है। हम अपने जिलाधीश श्रीमान् फ्रीमेण्टल साहबको अनेक धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस वैद्यकविज्ञान सम्बन्धी पत्रिकाका डिक्लेरेशन उसी दिन उदारता पूर्वक स्वीकार कर लिया। ईश्वर आपकी सर्वप्रियता दिनोंदिन बढ़ाता रहे।

—मन्त्री।

पं० सुदर्शनाचार्य बी० ए० ने कटरा प्रयागके 'सुदर्शन प्रेस' में मुद्रित किया और जगन्नाथप्रसाद शुक्ल वैद्यने प्रयागके दारागंजसे प्रकाशित किया।